संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 155 मंगलवार 08 अप्रैल 2025 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## महत्वपूर्ण खबर

### भारतीय रेलवे ने बदले जनरल टिकट के नियम



**नई दिल्ली,07अप्रैल 2025 (ए)।** भारतीय रेलवे ने जनरल टिकट से जुड़े नियमों में बड़े बदलाव किए हैं, जो यात्रियों के लिए सफर को सुगम,सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने की दिशा में एक कदम है। अगर आप भी ट्रेन से यात्रा करते हैं और जनरल टिकट का इस्तेमाल करते हैं, तो ये नए नियम आपके लिए बेहद जरूरी हैं। रेलवे ने भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा बढ़ाने और टिकट प्रणाली में पारदर्शिता लाने के मकसद से ये बदलाव लागू किए हैं।

### किसान नेता डल्लेवाल का आमरण अनशन 131 दिन बाद खत्म



#### महापंचायत में किया ऐलान

**लुधियाना,07अप्रैल 2025 (ए)।** संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) के नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने 131 दिन बाद अपना आमरण अनशन समाप्त कर दिया है। उन्होंने रविवार को फतेहगढ़ साहिब की सरहिंद अनाज मंडी में आयोजित एक किसान महापंचायत के दौरान इसकी घोषणा की। यह घोषणा केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा एक दिन पहले डल्लेवाल से अनशन खत्म करने की अपील के बाद आई है, जिसमें उन्होंने 4 मई को चंडीगढ़ में किसानों के साथ बैठक करने का प्रस्ताव रखा था।

# मुसलमानों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन

### वक्फ कानून के खिलाफ अब डीएमके पहुंची सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली,07अप्रैल 2025 (ए)।** वक्फ बोर्ड संशोधन कानून 2025 के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अब तक कई याचिकाएं दायर हो चुकी हैं। अब इस कानून के खिलाफ द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (ष्ठरूय्) पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। ष्ठरूय् ने इस कानून को चुनौती देते हुए कहा है कि यह कानून तमिलनाडु के लगभग 50 लाख मुसलमानों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है, साथ ही पूरे देश के करीब 20 करोड़ मुसलमानों के मौलिक अधिकारों का भी उल्लंघन करता है। वक्फ बोर्ड संशोधन कानून 2025 के खिलाफ अब तक सुप्रीम कोर्ट में जितनी भी याचिकाएं दायर की गई हैं, उनमें एक ही बात कही गई है कि यह मुसलमानों की धार्मिक स्वतंत्रता को छीनने की एक साजिश है। याचिकाओं में इस कानून को असंवैधानिक घोषित करने की मांग की गई है। याचिकाकर्ताओं ने दायर याचिकाओं सुप्रीम कोर्ट से जल्द सुनवाई की मांग की है।





#### सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिकाएं

अब तक सुप्रीम कोर्ट में कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद,एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी, आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान, एसोसिएशन फॉर द प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स , जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी, केरल की शीर्ष मुस्लिम बॉडी समस्थ केरल जमीयतुल उलेमा, एसडीपीआई, तैय्यब खान सलमानी, अंजुम कादरी और इंडियन मुस्लिम लीग ने याचिकाएं दायर की हैं।

#### बिल पास होने के बाद बना कानून

बता दें कि लोकसभा में इस बिल के पक्ष में 288 और विरोध में 232 वोट पड़े थे, जबकि राज्यसभा में इस बिल के पक्ष में 132 और इसके खिलाफ 95 वोट पड़े थे। संसद के दोनों सदनों से पास होने के बाद शनिवार को इस बिल को राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई। इसके साथ ही यह कानून बन गया। इस बिल के कानून बनने के बाद कांग्रेस समेत कई विपक्षी दल इसका विरोध कर रहे हैं। आरजेडी, डीएमके समेत कई दलों ने इस कानून को संविधान विरोधी बताया है। अब देखना यह है कि जो याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई हैं, उस पर सुनवाई कब होती है?

## अनियंत्रित होकर पलटी तेज रफ्तार बस, महिला समेत 2 की मौत,11 घायल

**नर्मदापुरम ,07अप्रैल 2025 (ए)।** मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम जिले के इटारसी स्थित पथरौटा में आज सवारी बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में बस कंडक्टर एवं एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बस में सवार 11 लोग घायल हो गए हैं। घायलों को उपचार के लिए इटारसी के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक आज सोमवार दोपहर को इटारसी से आयुध निर्माणी के लिऐ छत्रपाल कंपनी की बस, सवारी भरकर पथरौटा के लिये इटारसी से निकली। इस दौरान अचानक पथरौटा के पास बस का ब्रेक फेल हो गया और बस अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। बस में सवार कंडेक्टर नरेन्द्र चौहान निवासी ग्राम न्यूयार्ड एवं ग्राम बाद्री निवासी नजमा खातून की बस में दबने से मौके पर ही मौत हो गई। वहीं घटना में 11 लोग घायल हो गये।

## दलित दूल्हे के घोड़ी पर शादी बग्घी रोके जाने पर विवाद



### 300 पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में हुई शादी

**पंचकूला ,07अप्रैल 2025 (ए)।** हरियाणा के पंचकूला जिले के मौली नामक एक छोटे से गांव में हाल ही में एक घटना ने समाज में व्याप्त जातिगत भेदभाव को उजागर किया। दलित युवक की शादी की खबर तब चर्चा में आई जब गांव वालों ने सिर्फ इसलिए बग्घी रोक दी क्योंकि दूल्हा घोड़ी पर सवार होकर आ रहा था।




## पीएम मोदी ने मोटापे को लेकर जताई चिंता

### दी सलाह...फिट रहने के लिए इस चीज का इस्तेमाल कम करने को कहा



**नई दिल्ली,07अप्रैल 2025 (ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर देशवासियों से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और मोटापे से बचने की अपील की। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत फिटनेस को प्राथमिकता देना भारत के विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य में अहम योगदान करेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, विश्व स्वास्थ्य दिवस पर, आइए हम एक स्वस्थ दुनिया बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जाहिर करें। हमारी सरकार स्वास्थ्य सेवा पर ध्यान देती रहेगी और लोगों की भलाई के लिए विभिन्न क्षेत्रों में निवेश करती रहेगी। अच्छा स्वास्थ्य किसी भी समृद्ध समाज की नींव है।

एक वीडियो संदेश में प्रधानमंत्री ने सदियों पुरानी कहावत, स्वास्थ्य ही परम सौभाग्य और परम धन है को याद दिलाया और भारत में बढ़ते मोटापे के संकट पर चिंता जताई। उन्होंने कहा, आजकल हमारी जीवनशैली हमारे स्वास्थ्य के लिए बड़ा खतरा बनती जा रही है। हाल ही में आई एक रिपोर्ट के अनुसार, 2050 तक 44 करोड़ से ज्यादा भारतीय मोटापे से ग्रसित होंगे। यह चिंता की बात है, यह कितना बड़ा संकट बन सकता है।

अपने संदेश में पीएम मोदी ने यह भी कहा कि स्वस्थ खाने की आदतें अपनाना, जैसे कि तेल का कम उपयोग, सिर्फ व्यक्तिगत फैसला नहीं है, बल्कि यह हमारी सामाजिक जिम्मेदारी भी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस समस्या को रोकने के लिए तुरंत कदम उठाने की अपील की और एक सरल सुझाव दिया मैं आज आपसे एक वादा लेना चाहता हूं कि हम सभी अपने खाना पकाने के तेल में 10 प्रतिशत की कमी करें। यह मोटापे को कम करने की दिशा में एक बड़ा कदम होगा।



### ममता बनर्जी का सुप्रीम कोर्ट के शिक्षक भर्ती फैसले पर तीखा बयान, जब तक मैं जिंदा हूं...

**नई दिल्ली,07अप्रैल 2025 (ए)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आज सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले पर कड़ा ऐतराज जताया, जिसमें राज्य के 25,753 शिक्षकों और कर्मचारियों की नियुक्तियां रद्द कर दी गईं। कोर्ट ने धोखाधड़ी से नियुक्त हुए उम्मीदवारों से वेतन वापस करने का भी आदेश दिया। ममता ने कहा,जब तक मैं जिंदा हूं,कोई योग्य शिक्षक अपनी नौकरी नहीं खोएगा। उन्होंने भ्रष्टाचार के आरोपों में नौकरी गंवाने वाले शिक्षकों का समर्थन करते हुए उनकी नौकरी बचाने की प्रतिबद्धता जताई।

## बिहार में कांग्रेस का आक्रामक रुख



### सफेद टी-शर्ट,बेगूसराय की सड़कें और राहुल-कन्हैया की जोड़ीः

**नई दिल्ली,07अप्रैल 2025 (ए)।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी आज बेगूसराय पहुंचे हैं। वे कन्हैया कुमार द्वारा शुरू की गई।पलायन रोको,नौकरी दो यात्रा में हिस्सा ले रहे हैं।जनवरी के बाद यह राहुल गांधी का बिहार का तीसरा दौरा है। कांग्रेस इस यात्रा के जरिए न केवल भारतीय जनता पार्टी पर दबाव बनाना चाहती है, बल्कि अपने गठबंधन सहयोगी राष्ट्रीय जनता दल को भी संदेश देना चाहती है।

## एलपीजी सिलेंडर के साथ अब पेट्रोल-डीजल भी हुआ महंगा

### केंद्र सरकार ने 2 रुपए एक्साइज ड्यूटी बढ़ाई

**नई दिल्ली,07अप्रैल 2025 (ए)।** केंद्र सरकार ने घरेलू एलपीजी सिलेंडर के बाद अब पेट्रोल और डीजल पर लगने वाली एक्साइज ड्यूटी में भी 2 रुपए प्रति लीटर की वृद्धि कर दी है। यह निर्णय राजस्व संग्रह बढ़ाने और बजटीय घाटे को नियंत्रण में लाने के उद्देश्य से लिया गया है। जानकारों के मुताबिक, तेल कंपनियां इस बढ़ी हुई ड्यूटी को उपभोक्ताओं पर स्थानांतरित कर सकती हैं, जिससे आने वाले दिनों में पेट्रोल और डीजल के दामों में सीधी बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है।




### घरेलू गैस सिलेंडर 50 रुपए हुआ महंगा

आम आदमी की रसोई पर फिर से महंगाई की मार पड़ी है। केंद्र सरकार ने घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम में 50 रुपए की बढ़ोतरी कर दी है। अब उज्जवला योजना के लाभार्थियों को भी ज्यादा कीमत चुकानी होगी। नई दरें आज रात 12 बजे से लागू होंगी।अब तक घरेलू एलपीजी सिलेंडर 808 रुपए में मिलता था, लेकिन बढ़ोतरी के बाद इसकी कीमत 858 रुपए हो जाएगी। वहीं, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत मिलने वाला सिलेंडर अब 500 की बजाय 550 रुपए में मिलेगा



## संपादकीय

### बीमाधारकों के साथ चतुराई

बॉम्बे हाई कोर्ट ने मेडीक्लेम पॉलिसी को लेकर बीमाधारकों के हित में महत्त्वपूर्ण फैसला दिया है। अदालत ने कहा है कि किसी व्यक्ति को मेडीक्लेम पॉलिसी के तहत मिलने वाली राशि को मोटर वाहन अधिनियम के चिकित्सा व्यय के मुआवजे से नहीं काटा जा सकता। पीठ ने कहा कि मेडीक्लेम पॉलिसी के तहत दावेदार द्वारा प्राप्त किसी भी राशि की कटौती स्वीकार्य नहीं होगी। पीठ ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णयों का उल्लेख करते हुए कहा, मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण को न केवल उचित मुआवजा दिलवाने का अधिकार है, बल्कि यह उसका कर्त्तव्य भी है।अदालत ने कहा कि मृतक द्वारा किए गए दूरदर्शितापूर्ण वित्तीय निवेश का लाभ अपराधी नहीं उठा सकता। मामले में बीमा कंपनी का दावा था कि चिकित्सा व्यय भी मेडीक्लेम पॉलिसी के हिस्से के रूप में प्राप्त बीमा राशि के अंतर्गत आता है। यह तर्क बेहद दुखद है कि बीमाकर्ता का कोई नुकसान नहीं हुआ। हालांकि अपने देश में अभी भी बीमा कराने के प्रति लोग ज्यादा जागरूक नहीं हैं। मगर वाहन बीमा सड़क पर निकले चालक के लिए काफी सुविधाजनक व्यवस्था साबित हो रही है।30 प्रतिशत आबादी अभी भी स्वास्थ्य बीमा से वंचित बताई जाती है। उक्त मामले में यदि बीमाधारक द्वारा दोनों तरह का बीमा लिया गया था तो उसे दोनों का लाभ मिलना उचित कहा जाना चाहिए। स्वास्थ्य बीमा और वाहन बीमा के लिए वह अलग-अलग प्रीमियम का भुगतान कर रहा है तो उसके अधिकार से वंचित किया जाना कंपनियों की नीयत में खोट दर्शाता है। बीमा कंपनियां अभी भी धारकों को मुआवजा देने में भारी कोताही करती पाई जाती हैं।तमाम नियम-कायदों के बावजूद वन-विंडो प्रणाली संभव होती नहीं नजर आती। बीमा कंपनियों में सार्वजनिक के साथ ही निजी क्षेत्र भी शामिल है। बावजूद इसके बीमाधारकों से किए वादों को पूरा करने में विभिन्न अड़चनें लगाई जाती हैं। कंपनियों का मानना है कि उनके समक्ष भी तमाम समस्याएं हैं।बीमाधारकों द्वारा गैर-वाजिब, झूठे या गलत तरीके से किए गए दावों से भी वे त्रस्त रहती हैं। मगर यह मामला काफी अलग है जिसमें बीमा कंपनियों ने मुआवजे के लाभकर्ता के प्रति न केवल अमानवीय रवैया रखा, बल्कि उचित लाभ देने में कटौती का प्रयास भी प्रयास किया। अदालत को इन पर आर्थिक दंड लगाना चाहिए ताकि भविष्य में वे बीमाधारकों के साथ चतुराई करने से बाज आएं।

# एक जरूरी बचाव,लेकिन क्या लोग ऊब गए हैं?



प्रियंका सौरभ
आर्यनगर, हिसार (हरियाणा)

**1930 की चेतावनी और पकते कानः साइबर सतर्कता या शोरगुल?**

**साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 और ऑनलाइन ठगी से बचाव की चेतावनियाँ इतनी बार सुनाई देने लगी हैं कि लोग अब इनसे ऊबने लगे हैं। बैंक, फोन कंपनियाँ, न्यूज़ चैनल्स, और सोशल मीडिया हर जगह साइबर फ्रॉड के अलर्ट्स छाए हुए हैं, जिससे लोग ठगी से कम और चेतावनी से ज़्यादा परेशान हैं। अब हालात ऐसे हो गए हैं कि असली कॉल्स और स्कैम्स में फर्क करना भी मुश्किल हो रहा है...हर मैसेज पर शक,हर कॉल पर संदेह! लोग इतने सतर्क हो गए हैं कि जरूरत पड़ने पर भी मदद माँगने वालों से पहले आधार कार्ड और पैन नंबर मांगने लगते हैं...**

कभी-कभी ऐसा लगता है कि अगर किसी को गुप्त एजेंसी के लिए जासूसी करनी हो, तो उन्हें साइबर क्राइम से बचें जैसे संदेशों को बैकग्राउंड म्यूजिक बना देना चाहिए। जितनी बार हम अपने फोन, टीवी, बैंक मैसेज, या सोशल मीडिया खोलते हैं, 1930 हेल्पलाइन और साइबर ठगी की चेतावनी हमारे सामने आ जाती है। एक वक्त ऐसा आता है जब दिमाग कहता है, ÷भाई, अब तो हमें खुद स्कैमर्स भी पहचानने लग गए होंगे! आजकल साइबर अपराध इतने आम हो गए हैं कि हर दिन हजारों लोग किसी न किसी ऑनलाइन धोखाधड़ी का शिकार हो रहे हैं। इसी को रोकने के लिए सरकार ने 1930 साइबर क्राइम हेल्पलाइन शुरू की, ताकि लोग धोखाधड़ी के तुरंत बाद इसकी शिकायत कर सकें और पैसे वापस पाने की कोशिश कर सकें। लेकिन समस्या यह है कि इस हेल्पलाइन और साइबर सुरक्षा से जुड़ी चेतावनियाँ इतनी बार दोहराई जा रही हैं कि कुछ लोगों को यह कान पकाने वाली चीज़ लगने लगी है। बैंक, फोन कंपनियाँ, सोशल मीडिया, और न्यूज़ चैनल्स–हर जगह साइबर फ्रॉड से बचने के लिए अलर्ट्स आ रहे हैं। क्या लोग इसे नज़रअंदाज़ करने लगे हैं? हेल्पलाइन या रेडियो स्टेशन?



आपके अकाउंट से संदिग्ध ट्रांजैक्शन हुआ है...अगर यह लाइन आपको सपनों में भी सुनाई देने लगी है, तो आप अकेले नहीं हैं! साइबर सुरक्षा जागरूकता इतनी ज़्यादा बढ़ गई है कि अब लोग ठगी से कम और चेतावनी से ज़्यादा परेशान हैं। बैंक ध्यान दें! कोई भी आपकी ओटीपी मांगे, तो उसे दें मत! फोन कंपनियाँ साइबर क्राइम से बचें। 1930 पर कॉल करें। न्यूज़ चैनल्स आज हम बताएँगे कैसे साइबर ठगी का नया तरीका आपको चूना लगा सकता है! वॉट्सएप ग्रूप ये पढ़िए, एक आदमी ने लिंक पर क्लिक किया और उसका बैंक बैलेंस गायब! अब स्थिति यह हो गई है कि असली कॉल आए तो भी शक होता है कि कहीं यह स्कैम तो नहीं? कुछ लोग इतनी बार ये चेतावनियाँ सुन चुके हैं कि अब उन्हें गंभीरता से नहीं लेते। कई बार लोग मान लेते हैं कि मुझे तो कुछ नहीं होगा, और लापरवाही बरतने लगते हैं। कुछ मामलों में, लगातार चेतावनी देने के बावजूद लोग फर्जी कॉल्स या मैसेज का शिकार हो जाते हैं।

**लेकिन साइबर फ्रॉड क्यों बढ़ रहे हैं? जब बचाव भी संदेहास्पद लगे...**

आजकल साइबर सतर्कता के कारण भरोसा करने की कला भी खत्म हो रही है। अगर कोई दोस्त सच में पैसे माँग ले, तो दिमाग कहता है, स्कैम लग रहा है, पहले वीडियो कॉल कर! कोई रिश्तेदार ओटीपी माँग ले तो जवाब आता है, पहले आधार कार्ड भेजो! सिर्फ इतना ही नहीं, कई बार लोग 1930 पर कॉल करके खुद की पहचान वेरिफाई कराने लगते हैं! भैया, मैं असली हूँ, स्कैमर नहीं! टेक्नोलॉजी का दुरुपयोग÷ जैसे-जैसे डिजिटल पेमेंट और ऑनलाइन बैंकिंग बढ़ी है, वैसे-वैसे साइबर ठग भी स्मार्ट होते गए हैं। सोशल इंजीनियरिंग फ्रॉड जालसाज लोगों की भावनाओं और आदतों का फायदा उठाकर उन्हें ठग लेते हैं। जैसे–फर्जी नौकरी ऑफर, लॉटरी, केवाईसी अपडेट, आदि। बहुत से लोग लिंक पर क्लिक करने या ओटीपी शेयर करने से पहले सोचते नहीं हैं।

**तो क्या करना चाहिए? समाधान क्या है?**

1930 ज़रूरी है, लेकिन इसे पढ़ाई की किताब मत बनाओ। मज़ेदार तरीके से लोगों को जागरूक करो–मेम्स बनाओ, स्टैंड-अप कॉमेडी करो, रोबोटिक आवाज़ में मत सुनाओ! हर अलर्ट को सिरियस मत लो, लेकिन हर लिंक पर क्लिक भी मत करो। एक बैलेंस बनाओ, वरना या तो कान पकेंगे या जेब। हर बार ÷स्कैम÷ का डर मत पालो, लेकिन होशियार रहो। नहीं तो एक दिन सच में जरूरत पर कोई मदद माँगेगा, और तुम कहोगे–पहले आधार कार्ड और पैन नंबर भेज! तो अगली बार जब कोई 1930 का ज़िक्र करे,तो कान मत पकड़ो–बल्कि समझदारी से इसे अपनाओ। वरना साइबर ठगी तो दूर, भरोसे की ठगी के शिकार हो जाओगे! 1930 हेल्पलाइन को हल्के में न लें यह नंबर आपकी मेहनत की कमाई बचाने में मदद कर सकता है। साइबर सुरक्षा नियमों का पालन करें, अजनबी लिंक पर क्लिक न करें। किसी से भी अपना बैंक डिटेल या ओटीपी शेयर न करें। अजनबी नंबरों से आई कॉल्स पर भरोसा न करें। अपने आसपास के लोगों को जागरूक करें खासकर बुजुर्गों और टेक्नोलॉजी में कम जानकारी रखने वालों को साइबर फ्रॉड से बचने की जानकारी दें। अगर फ्रॉड हो जाए तो घबराएँ नहीं÷ तुरंत 1930 पर कॉल करें और शिकायत दर्ज कराएँ। जितनी जल्दी शिकायत करेंगे, पैसे वापस मिलने की संभावना उतनी ज़्यादा होगी।साइबर सुरक्षा से जुड़ी चेतावनियाँ जितनी बार भी दी जाएँ, कम ही हैं। अगर लोगों को यह बार-बार सुनकर कान पकने जैसा लग रहा है, तो यह इस बात का संकेत हो सकता है कि जागरूकता फैलाने का तरीका और भी दिलचस्प बनाया जाए। उदाहरण के लिए, मजेदार वीडियो, मीम्स, और इन्फोग्राफिक्स के ज़रिए लोगों को जागरूक किया जाए,ताकि वे बोर भी न हों और सतर्क भी रहें।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# हीटवेव : भारत के लिए बढ़ता हुआ सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट



डॉ सत्यवान सौरभ
बड़वा (सिवानी)
भिवानी,हरियाणा

**भारत में हीटवेव अब केवल मौसमी असुविधा नहीं,बल्कि एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट बन चुकी है। वर्ष 2024 में हीटवेव की आवृत्ति और तीव्रता रिकॉर्ड स्तर पर पहुँची, विशेषकर उत्तर-पश्चिम भारत में। अत्यधिक तापमान के कारण डिहाईड्रेशन,हीट स्ट्रोक, श्वसन व हृदय संबंधी बीमारियों में वृद्धि हुई है, जिससे बुजुर्गों, बच्चों, निम्न आय वर्ग और बाहरी श्रमिकों पर असमान रूप से प्रभाव पड़ा है। शहरी ताप द्वीप प्रभाव, जल संकट, बिजली कटौती और कार्य उत्पादकता में गिरावट जैसे मुद्दे स्थिति को और जटिल बना रहे हैं। श्रमिकों और महिलाओं को भारी गर्मी में काम करना पड़ता है जिससे स्वास्थ्य और आजीविका दोनों पर असर पड़ता है...**

गर्मी का मौसम भारत में नया नहीं है, लेकिन हाल के वर्षों में इसकी प्रकृति खतरनाक होती जा रही है। कभी मौसमी बदलाव माने जाने वाली हीटवेव अब हमारे शहरों और गांवों में एक नियमित आपदा का रूप ले चुकी है। वर्ष 2024 में उत्तर-पश्चिम भारत में 181 हीटवेव दिन दर्ज किए गए–जो अब तक का सबसे ऊंचा आँकड़ा है। यह संख्या केवल मौसम के आंकड़े नहीं हैं; यह जीवन, स्वास्थ्य और आजीविका पर मंडराते खतरे की स्पष्ट चेतावनी है। हीटवेव, सामान्य तापमान सीमा से अधिक अत्यधिक गर्मी की लंबी अवधि है,जो जलवायु परिवर्तन के कारण भारत में और भी भीषण हो गई है। वर्ष 2024 में भारत में कई राज्यों में 554 हीटवेव के दिन दर्ज किए जिसमें अधिकतम तापमान 47 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया। इस वृद्धि ने गर्मी से संबंधित बीमारियों को बढ़ा दिया है, जो बुजुर्गों, मजदूरों और कम आय वाले समुदायों को असमान रूप से प्रभावित कर रहा है।

**हीटवेव और स्वास्थ्यः छाया की कमी, संकट की अधिकता**

अत्यधिक गर्मी का सीधा प्रभाव हमारे शरीर पर पड़ता है। डिहाईड्रेशन, हीट-स्ट्रोक, हृदयगति का तेज़ हो जाना, और सांस लेने में तकलीफ–ये सब हीटवेव के साथ आने वाली आम समस्याएं हैं। बच्चे,बुजुर्ग और बीमार लोग सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। झारखंड में इस साल बाल चिकित्सा वार्ड में डिहाईड्रेशन के मामलों में असामान्य वृद्धि दर्ज की गई। तेज शहरीकरण और हरियाली की कटौती ने शहरों को ताप द्वीप में बदल दिया है। दिल्ली जैसे शहरों में रात का तापमान भी सामान्य से 4-5 डिग्री अधिक बना रहता है। झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले परिवारों के लिए यह स्थिति कष्टदायक से जानलेवा तक हो सकती है।



**हीटवेव और जीवन व्यवस्था पर असर**

गर्मी के कारण स्कूल बंद होते हैं, पानी की सप्लाई बाधित होती है, बिजली कटौती आम हो जाती है। गरीब और मेहनतकश वर्ग, जिनके पास न ठंडी जगह होती है, न संसाधन,सबसे अधिक संकट में होते हैं। हीटवेव केवल सेहत का नहीं, आर्थिक उत्पादन का भी सवाल बन गई है। निर्माण श्रमिक, किसान और सड़क विक्रेता जैसी बाहरी कामकाज से जुड़े लोगों की उत्पादकता गिर रही है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार,हीटवेव के कारण भारत में कार्य घंटों में 2.2 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है, जो जीडीपी में 2.8 प्रतिशत तक की हानि बन सकती है।

**सब पर असर एक जैसा नहीं होता**

हीटवेव की मार सभी पर एक समान नहीं होती। जिनके पास एयर कंडीशनर, स्वच्छ जल और स्वास्थ्य सेवाएं नहीं हैं, वे अधिक सुभेद्य होते हैं। ग्रामीण महिलाएं जो जल लाने या खेतों में काम करती हैं,उन्हें दोगुना खतरा होता है। शहरों के गरीब बस्तियों में रहने वाले परिवारों के लिए हीटवेव असमानता का सबसे तेज़ रूप बन जाती है। हीटवेव से लड़ाई सिर्फ एक मौसमीय अलर्ट से नहीं लड़ी जा सकती। इसके लिए पूर्व चेतावनी प्रणाली, शहरी नियोजन, स्वास्थ्य सेवा का विस्तार और सामुदायिक भागीदारी जरूरी है। अहमदाबाद, सूरत और भुवनेश्वर जैसे शहरों ने हीट एक्शन प्लान अपनाकर यह दिखाया है कि नियोजित प्रयासों से मृत्यु दर में कमी लाई जा सकती है। सूरत में 'कूल रूफ' योजना ने झुग्गियों में तापमान को 3-4 डिग्री कम किया। भुवनेश्वर में भीड़ वाले बाज़ारों में पेयजल स्टॉल और छाया ढांचे लगाए गए।

**हीट गवर्नेंसःअब ज़रूरत है कानूनी और नीतिगत ढँचे की**

सटीक ताप पूर्वानुमान और सार्वजनिक चेतावनियाँ स्वास्थ्य जोखिमों को कम करने में मदद करती हैं। अहमदाबाद हीट एक्शन प्लान (2013) ने कलरङ्कोडेड अलर्ट पेश किए जिससे निवासियों और अस्पतालों को अत्यधिक तापमान वाली स्थिति के लिए तैयार होने में मदद मिली। अस्पतालों में कूलिंग स्पेस बनाना, स्वास्थ्य पेशेवरों को प्रशिक्षित करना और पर्याप्त चिकित्सा आपूर्ति सुनिश्चित करना गर्मी से संबंधित मृत्यु दर को कम कर सकता है। ठाणे में हीटस्ट्रोक के मामलों पर नजर रखने और तत्काल चिकित्सा मध्यक्षेप प्रदान करने के लिए रियलटाइम निगरानी शामिल है । कूलिंग सेन्टर्स बनाना, ओरस पैकेट वितरित करना, और जल की उपलब्धता सुनिश्चित करना, निम्न आय वाले समुदायों की सुरक्षा में मदद करता है। भुवनेश्वर में गर्मी से होने वाली थकावट को रोकने के लिए भीड़भाड़ वाले बाजारों में अस्थायी छाया संरचनाएँ और जलयोजन स्टेशन स्थापित किए गए थे। हरित आवरण का विस्तार,रिफ्लेक्टिव रूफ्स को बढ़ावा देना, और जलाशयों का निर्माण करके शहरी तापमान को काफी हद तक कम किया जा सकता है। सूरत ने झुग्गी-झोपड़ियों में कूल-रूफ पहल शुरू की,जिससे घर के अंदर का तापमान 3-4 डिग्री सेल्सियस कम हो गया,जिससे हजारों निवासियों को लाभ हुआ। जिस तरह दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के लिए ग्रैप लागू होता है, वैसे ही हीटवेव के लिए भी स्वचालित, डेटा-आधारित नीति ढँचे की जरूरत है।

**भविष्य की गर्मी से मुकाबला आज की नीति से...**

हीटवेव केवल गर्मी नहीं है, यह एक चेतावनी है–हमारे शहरों की संरचना,हमारी आर्थिक नीतियों और हमारे स्वास्थ्य सिस्टम की परीक्षा। भारत को अब हीटवेव को 'प्राकृतिक आपदा' मानकर, उसके अनुसार तैयारी करनी होगी। जलवायु परिवर्तन अब भविष्य की चिंता नहीं है–यह वर्तमान की हकीकत है। और इस हकीकत से लड़ने के लिए हमें चाहिए नीति, नवाचार और न्याय। तभी हम उस गर्म भविष्य को थोड़ा और सहनीय बना सकेंगे,और शायद थोड़ा ठंडा भी। हीटवेव के बढ़ते खतरे को कम करने के लिए हीट हेल्थ गवर्नेंस को मजबूत करना महत्त्वपूर्ण है। एक सक्रिय दृष्टिकोण, प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली, शहरी ताप कार्रवाई योजनाओं,प्रत्यास्थ बुनियादी ढँचे और सामुदायिक भागीदारी को एकीकृत करके जीवन की रक्षा की जा सकती है। जलवायु परिवर्तन के कारण अत्यधिक गर्मी बढ़ रही है,इसलिए सहयोगात्मक नीति निर्माण, वैज्ञानिक नवाचार और संधारणीय शहरी नियोजन के माध्यम से दीर्घकालिक प्रत्यास्थता का निर्माण किया जा सकता है।

### कविता
### जिंदगी करती सलाम है...

घटती-घटना



मोनिका डागा
चेन्नई
तमिलनाडु

जीवन इतनी आसान कहाँ,
यह तो सच में एक संग्राम है,
पास करनी पड़ती परिक्षाएं जहाँ,
तब मिलता सुखद परिणाम है ।
निरंतर करे जो परिश्रम यहाँ,
उसको जिंदगी करती सलाम है,
कठिनाइयों में जो तपता रहाँ,
उसे ही मिलता अपना मुकाम है ।
आलस्य कुसंगतियों का जो यहाँ,
हो जाता आधीन और गुलाम है,
तय है फिर हो जाती खुशियां वहाँ,
उसकी दो कौड़ी की नीलाम है ।
यम, नियम, संयम से चलता रहाँ,
थामी यदि कुशलता से कमान है,
जिंदगी में फिर आनंद बहे वहाँ,
बनती खुद की अलग पहचान है ।
ऐसे ज्ञानीजनों का दुनियां यहाँ,
करती वंदन कोटि-कोटि प्रणाम है,
शुभ कर्मों का शुभ फल मिले वहाँ,
जिंदगी देती हौसलें का ईनाम हैं ।
यूं तो जीवन में सबके ही जहाँ,
रहे दौड़ा भागी ढेरों ही काम है,
खुशियाँ भी बॉटा करो संग में वहाँ,
जीवन तो खुशियाँ लुटाने का नाम हैं ।

### कविता
### कब तलक बैठेगा मौन...

घटती-घटना



उदय किशोर साह
जयपुर,
बांका,बिहार

बेईमानों की बेईमानी मुखर है
ईमानदारों की जग में ना कदर है
कब तलक बैठा रहेगा तुँ मौन
शैतानो की खबर लेगा अबकौन
आँख बन्द और डब्बा हैं गायब
चोरों का गुट बन बैठा है नायक
उजागर हो ये सब है जग में कौन
शैतानों की खबर लेगा अब कौन
घोटालोंबाज की जहाँ खैरमकदम हो
इन्सानों की अहमियत जहाँ गौण हो
नकेल लगायेगा इन सब पर कौन
शौतानों की खबर लेगा अब कौन
रिश्वतखोर का होता है यहाँ सम्मान
बाबुओं की दफ्तर में है बड़ी ही मान
खून चूसने वाले को रोकेगा कौन
शैतानों की खबर लेगा अब कौन
भटक रहा है याचना कर्त्ता दर दर
गुहार लगा रहा है हर चौखट पर
इनकी फरियाद अब सुनेगा कौन
शैतानों की खबर लेगा अब कौन

# गूगल गुरु के कचरा ज्ञान से पैदा होते सम्पूर्णानन्द पत्रकार?



आत्माराम यादव पीव
ग्वालटोली नर्मदापुरम
मध्यप्रदेश

जहां सबेरा है,वही बसेरा है ओर बसनेवाले कई किस्म के है। आजकल यू-ट्यूबर-व्हाट्सअप, इस्ट्राग्राम कुटुंबएप, फ़ेसबूक आदि पर विशेष प्रकार की वाहियात अक्लमंद ज्ञानी बेशर्मियों की कब्जेवाली मीडिया खरपतवार गाजरघाँस की तरह फ़ेल चुकी है, इससे बचने के सारे उपाय असफल है। जिसने कभी कागज कलम छुआ नहीं वही गूगल गुरु की प्रेरणा से गीतकार, साहित्यकार ओर पत्रकार बन गया है ओर खुद को किसी बड़े उस्ताद से कम नहीं आँककर बिंदास खबरे लिखते समय सामने वाले को गधा समझता है, इन नामुराद लंगड़ी-लूली,अंधी-बहरी कार्टूननुमा अवसरवादी मीडिया ने पूरे भारत को अपनी चपेट में ले लिया है, अगर आपका शहर, गाँव उसकी चपेट में नहीं आया है तो आप किस्मतवाले है? पर आपकी बात पर कोई विश्वास नहीं करेगा की आप किस्मतवाले है,क्योकि यह बीमारी कोरोना से ज्यादा घातक है, अगर आपने सोसल डिस्टेन्स कायम रखने के लिए मोबाइल ओर एलेक्ट्रानिक उपकरणों से दूरी बनायी है तो बात अटपटी होने से किसी के गले नहीं उतरेगी क्योकि हर गरीब भिखारी से लेकर अमीर आदमी मोबाइल का दीवाना है ओर आज हर घर में 2 साल की उम्र के बच्चे से लेकर मृत्युशैया पर लेटा 100 साल का बूढ़ा व्यकित भी मोबाइल की स्क्रीन में चौबीसों घंटे मुंह गढ़ाए बैठा है। इसी से यह बात प्रमाणित हो चुकी है की करोड़ों मोबाइल में दस प्रतिशत लोग अक्लमंदी के शिकार है ओर उनके दिमाग में भरा कचरा किसी सनसनीखेज समाचार, रपट या ज्ञानवर्धक लेख से कम नहीं इसलिए वह मीडिया बेशर्मी से समाज के सामने अपना कचराज्ञान बाँटकर अपनेआप को बुद्धिमान साबित करने की होड में लगा है। वे सभी जानते है की न तो उनके माता के कुलवंश मे ओर न ही उनके पिता के कुलवंश में किसी ने कभी कोई नाम किया है फिर भी वे अपने को चाणक्य व विधुर सा नीतिज्ञ समझ मेड इन पत्रकारों के लेबल उछालते हुये मस्त है।

एक समय फाउंटेन पेन पत्रकारों की शान था आज सारे पेन गुमनामी के अंधेरे में खो गए है। मीडिया में बहती गंगा में हाथ धोने की प्रतिस्पर्धा लगी है तभी इस दौड़ में हरेक अवसर पाना चाहता है। अधिकांश वे लोग जो शार्ट कट से धन कमाने के लिए कुछ भी करने को तैयार हो जाते है वे अपनी सारी कड़वाहट पचाकर मीडिया ज्वाइन आर रहा है , इसलिए यह स्वार्थपरक युग उनका युग हो गया है जो हर अवसर को भुनाना चाहता है । विशेषकर मेरा शहर व तथाकथित पत्रकारों की एक बड़ी जमात तैयार हो चुकी है और इस जमात में इनकी संख्या में दिनोंदिन इजाफा हो रहा है, जो जनता का शोषण ओर प्रशासनिक अधिकारियों पर निगरानी रख सफेदपोशों के साथ गढ़बंधन कर बड़ी परेशानी का कारण बनते जा रही है। एक ओर मुख्यधारा के रूप में माने जाने वाले ईलेक्ट्रानिक चैनल है तो दूसरी ओर प्रिंट मीडिया संस्थानों में कार्य करने वाले कठपुतली कामगार पत्रकारों की सिंगल बेनरों को कंधे पर उठाए आसानी से मैनेज हो जाने वाले पत्रकार जो एकला चलो की नीति पर अकेले सुनी सड़कों पर चलते ओर भीड़ के सामने बिजली सा कड़कते ,बिस्फोट सा फूटते ओर भैंसा सा गर्राते दिखेंगे ओर सांड को देखकर मिमियाते मिलेंगे। कट केमरा एक्शन का उपयोग करने वाले टीवी चैनलों के नए एंकर दिखने में शर्माने-लजाने वाले होंगे ओर सबको निबाहने वाले होते है जबकि थोड़ा सा पुराने हुये एंकर जानीवाकर के साथ भयंकर दिखाई देते है जो विलायती नस्ल की झबरीली कुतिया को पाकर प्रसन्न उसी में रमे रहते है ओर जब वह टाँगे पसारती है तो उस समय वे फिल्मी पंचम गीतों को बेसुरा गाते-सहलाते अपनी अंगुलिया फेरते खुश होते है ओर कुतिया भी अपने को धन्य समझती निहाल हो उठती है, कुतिया पपी को मिलने वाले इस आदर सत्कार से भले एंकर की घरवाली नाराज हो पर सुबह शाम झबरीली पपी को घुमाते समय के चर्चे आफ़िसों में होते है ओर पपी की तारीफ़ों के पुल बांधते एंकर साहब घर बैठे लिफाफा ओर गिफ्ट पाते है ओर अन्य एंकर-संवाददाताओं के गिफ़्टों का ठेका लेकर उनके लिफाफे ओर गिफ्ट भी हजम कर जाते है। आप सोच रहे होंगे की अब जीवनरस में क्या शेष या विशेष रह गया है जिसे व्यक्त किया जाये। अभी तक की बाते सही मायने में पत्रकार या मीडियाकर्मियों की थी जो आपको दिल को तर-तर करती सुपथ मार्ग की प्रतीत होती होंगी ओर उसमें बेशर्म जैसी कोई बात नही होगी,यदि हुई है तो उस बेशरम मीडिया की बात आनी चाहिए बात उनकी है जो अपने पैरों पर कभी भी खड़े नही हो सकते, ओर न ही चल सकते है तो फिर बिना चले तरक्की कैसे करेंगे, ऊपर उठने-बड्ने के लिए नसेनी या सीढ़िया तो चढ़नी ही होगी? कितनी भी तिकड़म लगाओं? कितनी भी कोशिश करो? कितनी भी चतुराई दिखाओं? बिना टांग उठाए ये सारी चतुराई व्यर्थ ही है ? टांग नही उठा सकते हो तो हाथ ही उठा ले, हाथ में मुसलचंद मोबाइल को पकड़ ले, मोबाइल उठाते ही मूर्ख से भी मूर्ख मतिमंद भी चार्ज हो उठता है ओर वे ज्ञानचंद बुद्धिप्रकाश बन जाते है। इस प्रकार तमाम मूर्खचंद मीडियाकर्मी विध्यासागर हो जाते है ओर ये सभी गूगलगुरु की कृपा का प्रसाद पाकर खुदकों पत्रकार सम्पूर्णानन्द मान व्हाट्सअप,फ़ेसबूक,यू-ट्यूबर पर अपनी खबरों-सूचनाओं का महाजाल बुनकर एक बात के छह छह अर्थ बताकर उलझी बातों को सुलझाने ओर सुलझी बालों को उलझाकर अपनी मूर्खता के पट खोलते है ओर समझते है की पाठकों के दिमाग उनकी कलम के इस मूर्खज्ञान ने गिरवी रख लिए है। इन तथाकथित पत्रकारों के इस गूगलगुरु स्वरूपा भानुमती के पिटारा ज्ञान के खोफ से घबराय लोग तत्काल उनके खिलाफ आई सूचनाओं- खबरों के प्रकाशन ओर प्रसारण न किए जाने हेतु संधि कर सुख पाते है। ये सारे लोग अपने को हद दर्जे का ईमानदार बतलाकार संस्पेंश पैदा करते है इनमें सबसे बड़ा भ्रष्ट खाऊ होता है वह कमीशन तय कर मैनेज करने का काम करता है। वह इनके कम बोलने पर इन्हे बेईमानी के तराजू में तोलते समय बोली ज्यादा लगाकर इन्हे कृतकृत कर देता है ओर अपना नंबर आने पर ये ही दो कोडी के लंगू भंगु अपने को कम तोलते है, कम नापते है,कुल मिलाकर ये अपने को ईमानदार बिकाऊ न होना बताकर बाजार में खुलेआम नीलाम कर एक इंसान होने का दर्जा छोड़ मात्र एक बिकाऊ सामग्री में शामिल हो जाते है।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा। -सम्पादक

# महामाया पहाड़ से हटाए गए अतिक्रमण के प्रभावितों ने डीएफओ कार्यालय में किया विरोध-प्रदर्शन

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 07 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।



महामाया पहाड़ से हटाए गए अतिक्रमण के प्रभावितों ने सोमवार को डीएफओ कार्यालय का घेराव कर विरोध-प्रदर्शन किया। हाईकोर्ट के आदेश के बाद प्रभावितों ने अपना पक्ष रखने डीएफओ कार्यालय पहुंचे थे। प्रभावितों का आरोप है कि वन विभाग कोर्ट के आदेश का पालन नहीं कर रहा है। कोर्ट ने प्रभावितों को अपना पक्ष वन विभाग के समक्ष प्रस्तुत करने को कहा इसके बावजूद विभाग के अधिकारी कुछ भी सुनने को तैयार नहीं है।

महामाया पहाड़ पर अवैध तरीके से वन भूमि पर अतिक्रमण कर घर बनाकर रहने का मामला सामने आया था। शिकायत के बाद मामले की जांच कराई गई थी। जांच में अवैध अतिक्रमण पाया गया था। इसके बाद जनवरी माह में वन विभाग ने 60 घरों को नोटिस देने के तुरंत बाद कार्रवाई की गई थी। जिसके तहत कुछ घरों को जमींदोज कर दिया गया था,लेकिन कार्रवाई के दौरान हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दिया गया था। प्रभावितों ने हाईकोर्ट गए थे। जिसमें हाईकोर्ट ने प्रभावितों को कहा था कि वे अपना पक्ष डीएफओ के समक्ष रखें। लिखित पक्ष लेते हुए 7 अप्रैल तक पूरे जांच रिपोर्ट न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने का आदेश दिया था। पीड़ितों का आरोप है कि वन विभाग उनका पक्ष भी लेने में आनाकानी कर रही है। प्रभावित सोमवार को अपना पक्ष रखने पहुंचे थे। प्रभावितों ने पक्ष नहीं सुनने का आरोप लगाकर डीएफओ कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। प्रभावित परिवारों ने हाईकोर्ट के आदेश का हवाला देकर जमीन का सीमांकन कराने की मांग रखी। प्रदर्शनकारियों के साथ पहुंचे अधिवक्ता अनवारूल हक फिरदौसी ने दावा किया कि हाईकोर्ट ने डीएफओ के नेतृत्व में टीम बनाकर जमीनों का सीमांकन करने का आदेश दिया है। अनवारूल हक फिरदौसी ने दावा किया कि जिस भूमि से अतिक्रमण हटाया गया है,वह मेंटनेंस में नजूल के पत्थर चट्टान मद में दर्ज है। वनविभाग उक्त भूमि को रिजर्व फारेस्ट का बताकर कार्रवाई की है। चूंकि वनविभाग के अधिकारी फंस गए हैं,इसलिए वे जांच एवं सीमांकन करने से बच रहे हैं। अतिक्रमण हटाने से प्रभावित 24 लोगों ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। डीएफओ तेजस शेखर ने बताया कि इसमें हाईकोर्ट द्वारा डीएफओ के समझ पक्ष रखने कहा है। हम हाईकोर्ट के निर्देश के आधार पर पक्षकारों का बयान दर्ज कर रहे हैं। पूरी प्रक्रिया नियमानुसार पूरी की जा रही है। उन्होंने कहा कि पूरी भूमि फारेस्ट की है। हमने हाईकोर्ट के समक्ष नोटिफिकेशन भी प्रस्तुत कर दिया है। कोर्ट ने सभी पक्षों को ध्यान में रखते हुए यह ऑर्डर जारी किया है।

# पंचायत सचिवों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल के 20 वें दिन निकाली रैली

- संवाददाता -
अंबिकापुर,07 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।



शासकीयकरण की मांग को लेकर पंचाययत सचिव 17 मार्च से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर हैं। सोमवार को जिला मुख्यालयों में रैली निकाल कर प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। पंचायत सचिव संघ का कहना है कि हमारी मांगें पूरी नहीं होती तब तक अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे रहेंगे। वहीं 20 मार्च को दिल्ली के जनतर-मंतर पर अनिश्चित कालीन हड़ताल करेंगे। प्रदेश पंचायत सचिव संघ के प्रदेश अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह पैकरा ने बताया पंचायत सचिव विगत 30 वर्षों से पंचायतों मे सेवारत है। वर्ष 2023-24 में हए विधानसभा चुनाव में मोदी की गारंटी में पंचायत सचिवों को शासकीयकरण करने का वादा किया गया था। लेकिन आज तक शासकीयकरण नहीं किया गया है। मोदी की गारंटी फेल हो गई है। अपनी एक सूत्रीय मांगों को लेकर 17 मार्च पंचयत सविच अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। हड़ताल के 20 दिन बाद भी शासन द्वारा कोई पहल नहीं किया गया है। वहीं सोमवार को पंचयत सविचों ने जिला मुख्यालय में में रैली निकालकर कलेक्टोरेट पहुंचे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। पंचायत सविचों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से पंचायतों का कई काम प्रभावित है। जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र की बात हो या प्रधानमंत्री आवास के सर्वे सहित अन्य कई महत्वपूर्ण कार्य बाधित हो रहे हैं। संघ का कहना है कि जबतक हमारी मांगें पूरी नहीं हो जाती तब तक हड़ताल जारी रहेगा।



# करंट लगने से वाशिंग सेंटर के कर्मचारी की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 07 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।

शहर के बंगाली चौक के समीप सोमवार की दोपहर में करंट लगने के से वाशिंग सेंटर के कर्मचारी की मौत हो गई। वह वाहन को धोने के लिए पंप को चालू किया था कि करंट की चपेट में वह आ गया। इसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गए। जहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार गौतम महतो पिता राजेश महतो उम्र 18 वर्ष कोतवाली थाना क्षेत्र के मायापुर का रहने वाला है। वह शहर के बंगाली चौक स्थित महाविर वाशिंग सेंटर में काम करता था। सोमवार की दोपहर कार धोने के लिए वाशिंग सेंटर का पंप चालू करने गया तो वह करेंट की चपेट में आ गया। करंट के झटका लगते ही वह जमीन में गिर गया और बेहोश हो गया। अन्य कर्मचारियों की मदद से उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। जहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# अलग-अलग हादसे में घायल दो युवक की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 07 अप्रैल 2025

(घटती-घटना)।

दो अलग-अलग सडक़ हादसे में घायल दो युवक की मौत हो गई। दोनों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जानकारी के अनुसार भूषण भगत उम्र 30 वर्ष कुसमी थाना क्षेत्र के ग्राम करकली का रहने वाला था। वह रविवार को भजीजा मनोज के साथ बाइक से गांव में ही गया था। वापस लौटने के दौरान दोनों दुर्घटना में घायल हो गए थे। दोनों को बलरामपुर से रेफर करने पर अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान भूषण की मौत हो गई। दूसरी घटना राजपुर थाना क्षेत्र के अमदरी की है। 41 वर्षीय सिंह साय पहाड़ी कोरवा रविवार को बाइक से राजपुर जाने निकला था। इस दौरान वह हादसे का शिकार हो गया था। उसे भी इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान इसकी भी मौत हो गई।

# 8 अप्रैल से सुशासन तिहार का होगा आगाज...कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर सुशासन रथ किया रवाना





- संवाददाता -
अंबिकापुर, 07 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार 8 अप्रैल से जिले में सुशासन तिहार का आयोजन किया जाएगा। इस महाअभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए कलेक्टर श्री विलास भोसकर ने आज सुशासन रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिले के सातों विकासखंडों में अलग-अलग सुशासन रथ घूम कर आमजन को सुशासन तिहार की जानकारी देगा और लोगों को जागरूक करेगा।

### तीन चरणों में आयोजित होगा सुशासन तिहार

प्रथम चरण 8 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आम नागरिकों से समस्याओं व शिकायतों के आवेदन लिए जाएंगे। द्वितीय चरणः12 अप्रैल से 4 मई 2025 तक प्राप्त आवेदनों का संबंधित विभागों द्वारा एक माह के भीतर निराकरण किया जाएगा। तृतीय चरण 5 मई से 31 मई 2025 तक समाधान शिविरों का आयोजन कर समस्याओं का अंतिम समाधान किया जाएगा।

आम जनता अपने आवेदन कलेक्ट्रेट परिसर की शिकायत शाखा, जिला पंचायत, ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, नगरीय निकाय, विकासखंड कार्यालयों सहित एसडीएम कार्यालयों में स्थापित समाधान पेटी में डाल सकते हैं। इसके अतिरिक्त नागरिक अपनी शिकायतें https://sushasantihar.cg.nic.in/ पोर्टल या कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के माध्यम से भी ऑनलाइन जमा कर सकेंगे। इस दौरान पार्षद श्री आलोक दुबे, जिला पंचायत सीईओ श्री विनय कुमार अग्रवाल,अपर कलेक्टर श्री सुनील कुमार नायक,डॉ. सीके मिश्रा,वैज्ञानिक प्रशांत शर्मा,गिरीश गुप्ता सहित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# खेल सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि अच्छे स्वास्थ्य की नींव है

**» विश्व स्वास्थ्य दिवस पर बास्केटबॉल खिलाड़ियों को किया गया जागरुक**

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 07 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।



विश्व स्वास्थ्य दिवस पर सोमवार को गांधी स्टेडियम स्थित बास्केटबॉल के खिलाड़ियों का स्वास्थ्य के प्रति जागरुक किया गया। डॉ. संजय दत्ता ने बास्केटबॉल खिलाड़ियों से मुलाकात कर खेलों में स्वास्थ्य को लेकर चर्चा की।

डॉक्टर ने बताया कि स्वस्थ जीवन के लिए खेल अनिवार्य है। खेल सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि अच्छे स्वास्थ्य की नींव है। नियमित शारीरिक गतिविधियां शरीर को फिट रखते हैं, बल्कि तनाव को भी कम करती है। इसके अलावा मानसिक संतुलन बनाए रखती हैं। गर्मी के दिनों में बीमारियों से कैसे बचें उसको बताया। इस दौरान कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि खिलाड़ियों ने मन में बहुत सारी बातें थीं जो डॉक्टर से चर्चा कर दूर किया। इस दौरान गुरू नानक वार्ड के पार्षद शैलेश कुमार सिंह , रजत सिंह, रिमझिम मिश्रा, प्रीति, अल्फा, आयुष बारी आदि मौजूद रहे।

# भाजपा के स्थापना दिवस पर मीशाबंदियों को किया गया सम्मानित

- संवाददाता -
अंबिकापुर,07 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।



भाजपा के स्थापना दिवस पर अंबिकापुर नगर के राजमोहिनी देवी वार्ड क्रमांक 12 के पार्षद मनोज गुप्ता के नेतृत्व में एवं मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया,नगर निगम के सभापति हरविंदर सिंह टिन्नी,वरिष्ठ भाजपा नेता व पार्षद आलोक दुबे की उपस्थिति में मीशाबंदियों का सम्मान समारोह कार्यक्रम सयान सदन में आयोजित किया गया। इस दौरान मीशाबंदी पूर्व विधायक देवेश्वर सिंह,परमात्मा सिंह, देवेंद्र कौर, त्रिवेणी राम कश्यप,किरण मिश्रा, जमुना लाल श्रीवास्तव को शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया एवं उनके योगदानों को याद किया गया। पार्षद मनोज गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि भाजपा के महापुरुष पं. दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी अंत्योदय की बात करते थे यानी अंतिम व्यक्ति तक का विकास, जब तक अंतिम व्यक्ति का विकास नहीं होगा भारत पूर्ण रूप से विकास की श्रेणी में नहीं आएगा। उन्होंने कहा कि मिशाबंदियों को जेल में डाला गया था उस त्रासदी को याद कर उन्होंने कहा कि इन्हीं के चलते भाजपा आज वट वृक्ष के रूप में विकसित हो चुकी है,जिसका फल और छाया असंख्य कार्यकर्ताओं को मिल रहा है। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता करता राम गुप्ता, पूर्व सभापति त्रिलोक कपूर कुशवाहा, काशीनाथ तिवारी, एमएम मेहता,हरिशंकर तृप्ति श्रीवास्तव, सहित वार्ड के निलेश,विजय, अंकित,दिनेश पाण्डेय,अनिल तिवारी व अन्य मौजूद थे।

# नशा के लिए रुपये नहीं देने पर मां से मारपीट

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 07 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

नशा करने के लिए रुपये नहीं देने पर नशेड़ी पुत्र अपनी मां को जान से मारने की धमकी देकर मारपीट करते हुए घर में रखे सामानों को तोडफ़ोड़ दिया। पुत्र की हरकतों से परेशान मां थाने पहुंचकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज करके विवेचना में लिया है।



गांधीनगर थाना क्षेत्र की उषा सोनी ने पुलिस को बताया है कि उसका लडक़ा प्रिंस सोनी ऊर्फ टिंकू नशे का आदी है। नशा करने के लिए वह उनसे पैसे की मांग करता है। पैसा नहीं देने पर लड़ाई-झगड़ा करते रहता है और अपने हाथ को भी ब्लेड से जगह-जगह काट दिया है। 5 अप्रैल की शाम 5 बजे के लगभग वह अपनी मां से नशा के लिए पैसे की मांग करने लगा। जब वह रुपये देने से इन्कार कर दी तो गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ, मुक्का से मारपीट करने लगा। शोर मचाने पर उसके पति राम रतन सोनी आए और बीच-बचाव किए। इसके बाद आरोपी पुत्र घर में रखे अलमारी, कूलर, कुर्सी एवं अन्य समान को तोडफ़ोड़ दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध केस दर्ज कर लिया है।

# शहर में भव्य शोभायात्रा निकालकर किया जवारा विसर्जन



- संवाददाता -
अंबिकापुर, 07 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।

चैत्र नवरात्र के दशमी तिथि पर जवारा विसर्जन कार्यक्रम किया गया। नौ दिनों तक घर में रखे जवारों का विसर्जन मां महामाया मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ की गई। इस दौरान शहर में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या श्रद्धालु शामिल हुए। रैली में शामिल भक्तों की आस्था ऐसी की देवी मां को खुश करने कोई अपने जीभ में तो कुछ भक्त अपने गाल में लोहे का त्रिशूल आर पार कर झूमते-नाचते मंदिर पहुंचे।

शहर के मायापुर चांदनी चौक के समीप देवी धाम में कई वर्षों से शारदीय व चैत्र नवरात्र में जवारा रखी जाती है। जहां शहर सहित आसपास के बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। चैत्र नवरात्रि के दशमी के दिन सोमवार को बड़े ही धूमधाम से जवारा विसर्जन किया गया। इस दौरान शोभायात्रा मायापुर चांदनी चौक स्थित देवी धाम से निकाली गई। शोभायात्रा शहर के थाना चौक, महामाया चौक होते हुए महामाया मंदिर पहुंच कर विसर्जन किया गया। इस दौरान आस्था का विशेष रूप देखा गया। कई देवी भक्त अपने गाल व जीभ में लोहे का लम्बा त्रिशूल (बाना) छेद कर आर पार कर नाचते गाते दिखे। मायापुर देवी धाम में यह परम्परा वर्षों पुरानी है। परंपरा का निवर्हन कर रहे धाम के पुजारी रामान्दर सिंह ने बताया कि यह परंपरा उनके पूर्वजों के समय से चली आ रही है और पूरे नौ दिनों तक धाम में पूजा पाठ की जाती है। नवरात्रि के नवमी के दिन जवारा विसर्जन के लिए विशाल जुलूस निकाला जाता है।



## म्यांमार में भारतीय फील्ड अस्पताल की प्रशंसा,800 से अधिक रोगियों का इलाज

**म्यांमार,07 अप्रैल 2025।** म्यांमार में ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत बनाए गए भारत के फील्ड अस्पताल की प्रशंसा हो रही है, रविवार तक अस्पताल में 800 रोगियों का इलाज किया जा चुका है,म्यांमार में भारतीय दूतावास ने कहा।राज्य प्रशासन परिषद के अध्यक्ष और म्यांमार के प्रधानमंत्री सीनियर



जनरल मिन आंग ह्लाइंग ने भी अस्पताल का दौरा किया। एक आईएएफ सी17 ने सहायता का स्टॉक भी भरा और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) कर्मियों को उनके मिशन के बाद वापस ले गया। एक्स पर एक पोस्ट में, दूतावास ने कहा, ÷ऑपरेशन ब्रह्मा- हमारे फील्ड अस्पताल की म्यांमार में व्यापक रूप से सराहना की गई है, जिसमें अब तक 800 रोगी हैं। सीनियर जनरल मिन आंग ह्लाइंग ने आज इसका दौरा किया। एक आईएएफ सी17 ने जरूरतमंद समुदायों के लिए भोजन सहायता के साथ-साथ इसकी भरपाई भी की और एक सफल मिशन के बाद हमारी एनडीआरएफ टीम को वापस ले गया। भारतीय सेना ने एक बयान में कहा कि भारत की मानवीय सहायता और आपदा राहत प्रयास के तहत मांडले में तैनात भारतीय सेना का फील्ड अस्पताल म्यांमार में हाल ही में आए भूकंप के पीड़ितों को निरंतर चिकित्सा सहायता प्रदान कर रहा है। अपने संचालन के छठे दिन, अस्पताल ने कुल 859 रोगियों का उपचार किया, 20 से अधिक जीवन रक्षक प्रमुख सर्जरी की,3,000 से अधिक प्रयोगशाला जांच की और 300 से अधिक एक्स-रे प्रक्रियाएं कीं - सभी रिकॉर्ड समय में और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में।

# टैरिफ नहीं 'दवा'...शेयर बाजार में हाहाकार के बीच ट्रंप ने अपनी नीतियों को ठहराया 'सही'



**वाशिंगटन,07 अप्रैल 2025।** सोमवार को ग्लोबल मार्केट खासतौर से एशियाई शेयर बाजारों में गिरावट के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी विवादास्पद टैरिफ नीतियों का बचाव किया। उन्होंने कहा कि दुनिया के नेता रेसिप्रोकल टैरिफ पर समझौता करने के लिए बेताब हैं।

सोमवार को एशियाई बाजारों में दिन की शुरुआत भारी गिरावट के साथ हुई। हालांकि ट्रंप ने आशंकाओं को कम करने की कोशिश की और सुझाव दिया कि उनके टैरिफ के कारण बाजार को जो परेशानी हुई, वह दीर्घकालिक व्यापार असंतुलन को ठीक करने के लिए एक जरूरी दवा है।

बाजार में उतार-चढ़ाव का जिक्र करते हुए ट्रंप ने कहा,कभी-कभी आपको किसी चीज को ठीक करने के लिए दवा लेनी पड़ती है। एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बात करते हुए, अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि वह वीकेंड में विश्व नेताओं के संपर्क में थे । उन्होंने दावा किया कि कई देश समझौता करना चाहते हैं।

वैश्विक बाजारों में भारी नुकसान के बावजूद, ट्रंप प्रशासन ने अपनी आक्रामक टैरिफ रणनीति से पीछे हटने का कोई संकेत नहीं दिया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप ने कहा,बाजारों का क्या होगा, मैं आपको नहीं बता सकता। लेकिन हमारा देश कहीं ज़्यादा मज़बूत है।

इस बीच ट्रंप के टैरिफ के जवाब में चीन ने विशेष रूप से जवाबी कार्रवाई की घोषणा की, जिससे व्यापार युद्ध बढ़ने की चिंता और बढ़ गई। अर्थशास्त्रियों ने चेतावनी दी कि अगर अमेरिका अपने मौजूदा रास्ते पर चलता रहा,तो वैश्विक अर्थव्यवस्था को गंभीर मंदी का सामना करना पड़ सकता है। जेपी मॉर्गन के मुख्य अर्थशास्त्री ब्रूस कासमैन ने मंदी के जोखिम को 60 प्रतिशत बताया।

एक्सपर्ट्स बाजारों में उथल-पुथल की 1987 के ब्लैक मंडे क्रैश से तुलना कर रहे हैं, उस वक्त वैश्विक बाजारों ने एक ही दिन में 1.71 ट्रिलियन डॉलर खो दिए थे। सीएनबीसी के जिम क्रैमर ने चेतावनी दी कि यदि ट्रंप की व्यापार नीतियां जारी रहती हैं, तो बाजारों को इसी तरह की भयावह घटना का सामना करना पड़ता है। चूंकि बाजार एक और अस्थिर सप्ताह के लिए तैयार हैं, इसलिए सभी की निगाहें व्हाइट हाउस और चल रहे व्यापार संघर्ष में अगले कदमों पर टिकी हुई हैं।

## शराब पीकर उत्पात मचा रहे युवकों को पुलिस ने पकड़ा

- संवाददाता -
**अंबिकापुर,07 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।**

रेलवे स्टेशन के पास सार्वजनिक स्थल पर शराब पीकर शोर मचा रहे युवकों के विरूद्ध पुलिस ने आबकारी अधिनियम का मामला दर्ज कर लिया है। गांधीनगर थाना पुलिस को पेट्रोलिंग के दौरान सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति शराब पीकर रेल्वे स्टेशन में होटल के पास नशे की हालत में उत्पात मचा रहे हैं, जिससे अप्रिय स्थिति बन सकती है। मौके पर पुलिस पहुंची तो नितिश तिर्की पिता स्व. गिरवर तिर्की 26 साल, निवासी महापौर गली सुभाषनगर व अशोक कुमार पिता मोतीलाल गोड़ 24 साल निवासी केरता चैकी खड़गंवा, थाना प्रतापपुर,हाल-मुकाम पटेलपारा गांधीनगर आम जगह पर शराब पीकर उपद्रव करते मिले। एल्कोमीटर से चेक करने पर नितीश तिर्की का 97 एमजी एवं अशोक का 139 एमजी नशे की हालत में होना पाया गया। मामले में पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 2015 की धारा 36-च-2 का मामला कायम कर लिया है। बाद में आरोपियों को जमानत मुचलका पर रिहा कर दिया है।

## शक्कर समझकर मक्खी भगाने का खाया दवा,मासूम की मौत

- संवाददाता -
**अंबिकापुर, 07 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।**

शक्कर समझकर 2 वर्षीय मासूम बच्ची मक्खी भगाने का दवा खा ली। इससे उसकी तबियत बिगड़ गई। परिजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सुहाना मिंज पिता धीरज सिंह उम्र 2 वर्ष गढ़वा जिले के भंडारिया थाना क्षेत्र के ग्राम बरगढ़ की रहने वाली थी। घर में मक्खी आने पर परिजन दवा डालकर रखा था। शनिवार को खेलते हुए मासूम बच्ची शक्कर समझकर उसे खा लिया। इससे उसकी तबियत बिगड़ गई। परिजन उसे इलाज के लिए रामानुजगंज अस्पताल में भर्ती कराया। वहां से रेफर करने पर बलरामपुर इसके बाद उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान सोमवार की सुबह मौत हो गई।

# विधायक ने किया लुण्ड्रा में विकास कार्यों का भूमि पूजन

- संवाददाता -
**अंबिकापुर, 07 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।**

आज दिनांक 7/4/ 2025 को विधायक प्रबोध मिंज अपने विधानसभा क्षेत्र जनपद पंचायत लुण्ड्रा में लागत 4 करोड़ 26 लाख 99 हजार रुपए के विकास कार्यों का भूमि पूजन किये।

विकास कार्यों में ग्राम पंचायत उदारी हाट बाजार निर्माण कार्य लागत 56 लाख 65 हजार एवं ग्राम पंचायत असकला में हाट बाजार निर्माण कार्य लागत 67 लाख 69 हजार, ग्राम पंचायत लमगांव में हाट बाजार निर्माण लागत 56 लाख 65 हजार , ग्राम पंचायत बटवाही के करीलधोवा नाला में एनीकट सह पुलिया निर्माण कार्य लागत 2 करोड़ 46 लाख

का भूमि पूजन किए गए।



विधायक प्रबोध मिंज ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह एनीकट एवं अन्य निर्माण किसानों के खेती में सिंचाई के लिए बहुत ही उपयोगी साबित होगा, इससे जल स्तर उपर उठेगा। आस पास के क्षेत्र मुख्य मार्ग से जुड़ जाएंगे एवं आवागमन के लिए लाभदायक साबित होगा। साथ ही हाट बाजार बनने से क्षेत्रवासियों को अच्छी सुविधाएं मिलेगी। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवनारायण यादव, जनपद अध्यक्ष लुण्ड्रा श्रीमती कृष्णा पावले, जनपद उपाध्यक्ष लुण्ड्रा श्रीमती कंचन जायसवाल, मंडल अध्यक्ष सतीश जायसवाल, ग्राम उदारी सरपंच श्रीमती सीमा पैकरा, ग्राम असकला सरपंच लखेश्वर पैकरा , जगेश्वर पैकरा, राहुल चोपड़ा,जयंत मिंज, अभिषेक पावले, शफ़ायत , हलीम फिरदौसी, जीवन मिंज, नायब तहसीलदार लुण्ड्रा एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारी कर्मचारी समेत भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्तासाथी एवं भारी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।।

## नवरात्रि पर मंदिरों में व्रती बहनो को फल वितरण

- संवाददाता -
**अंबिकापुर, 07 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।**

सभी समाज की बहनो के साझा मंच सभभाव महिला मंच नवरात्रि पर मंदिरों में व्रती बहनो को समलाय, गौरी मन्दिर , गांधी चौक दुर्गा मंदिर में , फल का वितरण किया, इस अवसर पर हर समाज की बहने शामिल रही, दुर्गा मंदिर में, वन्दना दत्ता के साथ, नीलिमा मिश्रा, ज्योति चोपड़ा, अनुभा डबराल,श्रद्धा सोनी, सपना चोपड़ा, शबनम खानम, स्मिता तिवारी, रीता



चोपड़ा, कुंजबला जायसवल, हिना परवीन, अंजुम शमीम, संगीता गुप्ता, लिलि कहकशा, रेखा गुप्ता, अंजना परिहार, ममता सिह, सुनीता चोपड़ा, उपस्थित रही, समलाय मन्दिर में संजीता स्वर्णकार के साथ आशा राणा, अनीता मंडलवार, नमिता चावला,तुलसी शर्मा, सुनीता लाल , सीमा सिह , रेखा इंगोले, अलका इंगोले, चेतना मुंजे, शामिल रही, गौरी मन्दिर में स्वेता गुप्ता के साथ मधु चौदह, जयंती तिवारी, ज्योति दवेदी , रीना जायसवल, हिना रिजवी शामिल रही सभी का सहयोग सराहनीय रहा, सभभाव महिला मंच हर वर्ष शारदीय नवरात्रि एवं चैत्र नवरात्रि पर मंदिरों में व्रती बहनो को फल बांटती है,



## 10 वर्ष की बच्ची का कुएं में मिला शव... जांच में जुटी कुसमी पुलिस

- संवाददाता -
**कुसमी,07 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।**

रामनवमी के अवसर पर जहाँ एक तरह सभी वर्ग खुशियों में डूबे हुवें हैं तो वहीं दूसरी तरफ कुसमी के वार्ड क्रमांक 10 में एक घर पर मातम पसर गया.. घटना बलरामपुर के कुसमी थाना क्षेत्र का है।

आपको बता दें की बलरामपुर जिला के नगर पंचायत कुसमी अंतर्गत वार्ड क्रमांक 10 में 10 वर्षीय बालिका का घर से करीब 100 मीटर दूर एक व्यक्ति के घर पर स्थित कुआँ में शव मिलने से हड़कंप मच गया। बालिका को कुसमी एसआई डाकेश्वर सिंह व अन्य पुलिस कर्मियों सहित वार्डवासियों की उपस्थिति में कुआँ में रस्सी के सहारे एक व्यक्ति ने उतरकर बाहर निकाला। जानकारी के अनुसार बालिका का नाम सुप्रिया हैं। जिसके पिता हिरा लाल कश्यप हैं। जो की कुसमी के बाजार पारा वार्ड क्रमांक 10 में निवासरत हैं तथा तहसील कार्यालय में स्टाम्प वेंडर सहयोगी के रूप में काम करते हैं जिनकी 10 वर्षीय पुत्री सुप्रिया दोपहर से ही घर में दिखाई नहीं दें रही थी जिसे घर वाले सोचने लगे की नजदीक में ऊपर कुसमी स्थित चिरपाइन के पास हर वर्ष लगने वाले रामनवमी मेला घूमने गई होगी। शाम तक नहीं दिखाई देने पर बालिका के खोजबीन में घर वाले जुट गए। रामनवमी के दिन आज रविवार देर रात करीब 9 बजे बालिका घर से करीब 100 मीटर दूर बिन्दे नामक व्यक्ति के घर में स्थित कुआँ में डूबी हुई दिखाई पड़ी तो अफरा -तफरी का माहौल निर्मित हो गया। इसकी सूचना कुसमी पुलिस को दी गई। जहाँ कुसमी थाना में पदस्थ एसआई डाकेश्वर सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर उक्त बालिका को स्थानीय लोगो की मदद से एक व्यक्ति को रस्सी के सहारे कुंआ में उतरवाकर बालिका को सावधानी पूर्वक बाहर निकलवाया। उक्त बालिका की कई घंटो से कुआँ के एकत्र पानी में डूबे रहने के कारण घुटन से मौत होना प्रथम दृष्टिया में प्रतीत हुआ हैं। तथा आगे की जाँच में कुसमी पुलिस जुट गई हैं।

# शासकीय सेवक की मृत्यु होने पर देय अनुग्रह राशि एक लाख पच्चीस हजार रु. स्वीकृत करने की मांग...

### टीचर्स एसोसिएशन ने वित्त मंत्री को भेजा मांगपत्र

- संवाददाता -
**अंबिकापुर,07 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।**

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने वित्त मंत्री छत्तीसगढ़ शासन, वित्त सचिव छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन सचिव छत्तीसगढ़ शासन को पत्र लिखकर शासकीय सेवक की मृत्यु होने पर देय अनुग्रह राशि 1,25,000/- (एक लाख पच्चीस हजार रु.) स्वीकृत करने की मांग की है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा,प्रदेश उपाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह,प्रदेश महामंत्री रंजय सिंह,प्रदेश प्रचार सचिव अजय सिंह,प्रदेश संगठन सचिव मुकेश मुदलियार, जिलाध्यक्ष भूपेश सिंह ने कहा है कि वित्त विभाग के संदर्भित परिपत्र वित्त निर्देश 8/2015 छत्तीसगढ़ शासन वित्त एवं योजना विभाग मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर के आदेश क्रमांक 72/एल 2014-71-00331/ वि/नि/चार नया रायपुर, दिनांक 24 मार्च, 2015 में शासकीय सेवा में रहते हुए






किसी शासकीय सेवक की मृत्यु होने पर उसके परिवार को वेतनमान में बैंड वेतन एवं ग्रेड वेतन के योग के छः माह के बराबर, अधिकतम 50,000/-(पचास हजार) की सीमा तक अनुग्रह राशि दिये जाने का प्रावधान है।

मध्यप्रदेश शासन वित्त विभाग वल्लभ भवन मंत्रालय भोपाल के आदेश क्रमांकः एफ 4-1/2025 / नियम / चार भोपाल, दिनांक 03 अप्रैल, 2025 के द्वारा शासकीय सेवक की सेवा में रहते हुये मृत्यु होने पर मृतक के परिवार को, मृतक शासकीय सेवक के वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 में देय वेतन के छः गुना के बराबर, अधिकतम ? 1,25,000/- (एक लाख पच्चीस हजार) अनुग्रह राशि स्वीकृत किया गया है। टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष भूपेश सिंह, चंद्रविजय सिंह, रामचंद्र सोनी, सुरविंद गुर्जर, गौरीशंकर पांडेय,बिजेंद्र साहू, दीपक झा, मिथिलेश पाठक, पीताम्बर सिंह मरावी,नागेंद्र सिंह, चंद्रदेव चक्रधारी, जितेंद्र सिंह, रामबरन सिंह, विनोद केराम,जानकी यादव,संजय चतुर्वेदी,राज कुमार यादव ने शासन से छत्तीसगढ़ मे भी शासकीय सेवक की सेवा में रहते हुये मृत्यु होने पर मृतक के परिवार को वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 में देय वेतन के छः गुना के बराबर, अधिकतम 1,25,000/-(एक लाख पच्चीस हजार) अनुग्रह राशि स्वीकृत किया जावे।

# बलरामपुर पुलिस को मिली बड़ी सफलता...झारखंड से मोस्ट वांटेड माओवादी गिरफ्तार...2000 से था सक्रिय,कई बड़ी घटनाओं में रहा शामिल

- संवाददाता -
**बलरामपुर, 07 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।**

छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले की पुलिस को नक्सल मोर्चे पर एक और बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। झारखंड और छत्तीसगढ़ के कई जिलों में दहशत का पर्याय रहे कुख्यात नक्सल माओवादी राजेन्द्र सिंह खैरवार उर्फ दिलीप जी उर्फ विश्वनाथ को बलरामपुर पुलिस की विशेष टीम ने गढ़वा (झारखंड) के रमकंडा थाना क्षेत्र के उदयपुर गांव से घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर के निर्देशन में और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विश्वदीपक त्रिपाठी व एसडीओपी कुसमी इम्मानुएल लकड़ा के नेतृत्व में यह बड़ी कार्रवाई की गई। थाना सामरीपाठ की पुलिस टीम ने राजेन्द्र सिंह को उसके घर से गिरफ्तार किया। आरोपी पिछले कई






वर्षों से फरार चल रहा था और उस पर छत्तीसगढ़ एवं झारखंड में दर्जनों संगीन नक्सली वारदातों में शामिल होने का आरोप है।

### वर्ष 2000 से है नक्सल संगठन से जुड़ा

पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर ने बताया कि राजेन्द्र सिंह खैरवार वर्ष 2000 से पीपुल्स वार ग्रुप (PWG) के जरिए नक्सली गतिविधियों में सक्रिय था। बाद में वह भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) से जुड़ गया और एरिया कमांडर व सबजोनल कमांडर जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत रहा। उसके खिलाफ वर्ष 2015 में थाना सामरीपाठ में अपराध क्रमांक 11/2015 धारा 4(ख) विस्फोटक पदार्थ अधिनियम एवं छत्तीसगढ़ जन सुरक्षा अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। उस पर चुनचुना-पुंदाग मार्ग पर पुलिस बल और सीआरपीएफ को नुकसान पहुंचाने के लिए टिफिन बम लगाकर विस्फोट की साजिश रचने का आरोप है। हालांकि पुलिस की मुस्तैदी से यह बम समय रहते डिफ्यूज कर दिया गया था।

### दर्जनों वारदातों की जिम्मेदारी कबूली

पुलिस पूछताछ में राजेन्द्र सिंह ने बताया कि वह चांदो थाना क्षेत्र के बंदरचुआं, आमाझरिया पुंदाग, पोखर, कंदरी, सोनहत सहित अनेक स्थानों पर बम विस्फोट, गोलीबारी, अपहरण और हत्या में शामिल रहा है। उसने बताया कि 2015 में ग्राम धौरा पारा, सोनहत में पुलिस पार्टी पर हमला भी उसी ने अपने दस्ते के साथ मिलकर किया था।

इस नक्सली की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी विजय प्रताप सिंह, प्रधान आरक्षक जेम्स लकड़ा, आरक्षक कृष्णा मरकाम और आदित्य कुजुर की भूमिका सराहनीय रही। इन अधिकारियों की सतर्कता और योजना के चलते यह बड़ी सफलता मिल सकी।

## अनेक मुठभेड़ों और हत्याओं में रहा शामिल



राजेन्द्र सिंह खैरवार ने पूछताछ के दौरान बताया कि वह झारखंड के भंडरिया,रंका,चैनपुर,पलामू,गढ़वा तथा छत्तीसगढ़ के चांदो,रामचंद्रपुर,रघुनाथनगर,बिहारपुर,सामरी क्षेत्र में कई गंभीर नक्सली घटनाओं में शामिल रहा है। उसने पुलिस बल पर फायरिंग, बम विस्फोट, मोबाइल टावर जलाने, आईजी साहब की गाड़ी पर हमले, पुलिसकर्मियों की हत्या,ग्रामीणों की हत्या,अपहरण,रंगदारी वसूली,सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने जैसी कई घटनाओं को अंजाम दिया है। उसने बताया कि वह 2000 से 2015 तक सक्रिय रूप से नक्सली दस्ते के साथ रहा, बीच-बीच में दो बार जेल गया और फिर रिहा होकर पुनः सक्रिय हो गया। 2014 में जेल से छूटने के बाद उसने अपने नक्सली दस्ते के साथ मिलकर पुनः नक्सली गतिविधियों को अंजाम देना शुरू कर दिया।

# किसी भी क्षेत्र की शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था प्राथमिक आकलन का आधार है:श्याम बिहारी जायसवाल

## तीन करोड़ के नवीन सामुदायिक भवन निर्माण का भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न,प्रदेश में सबसे ज्यादा केस हैंडल करने वाला पहला अस्पताल रहा खड़गवां:स्वास्थ्य मंत्री

-राजेन्द्र शर्मा-
एमसीबी/खड़गवां,07 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।

किसी भी क्षेत्र की शिक्षा और स्वास्थ्य अगर अच्छा है तो माना जाता है कि उस क्षेत्र का प्राथमिक आकलन बेहतर है। चूंकि डॉक्टर रमन सिंह अपने मुख्यमंत्री काल में शिक्षा को ध्यान में रखते हुए प्राथमिक, मिडिल और हाई स्कूल खुलवाने का काम किए, हर दो तीन गांव के बीच में उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण हुआ और छत्तीसगढ़ की जनता भारतीय जनता पार्टी की सरकार में डॉक्टर रमन सिंह के नेतृत्व में खुशहाल रहा लेकिन विगत 05 सालों में ना तो किसी स्कूल का निर्माण हुआ और ना ही किसी हॉस्पिटल का निर्माण हुआ जबकि वर्तमान में साय जी के नेतृत्व में साय साय काम हो रहा है। खड़गवां का यह सामुदायिक भवन निर्माण का भूमिपूजन इसी का एक उदाहरण है। खड़गवां क्षेत्र के लोगों की यह बहुत पुरानी मांग थी, खड़गवां प्राथमिक स्वास्थ्य



केंद्र होते हुए भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की तर्ज पर काम कर रहा था, आप लोगों को जान कर आश्चर्य होगा कि खड़गवां का यह अस्पताल पूरे छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा केस हैंडल करने वाला अस्पताल रहा है बावजूद इसके कांग्रेस सरकार ने इस ओर पूरे पांचों साल में ध्यान नहीं दे पाई। खड़गवां में अकेले हमने 80 से ज्यादा रोड़ों का सैक्शन करवाया है, कही बन रहा है, कही आगे बनेगा, खड़गवां का कोना कोना सड़कों की जाल से बिछा होगा। उक्त बाते प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री व स्थानीय मनेंद्रगढ़ विधानसभा के विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने 03 करोड़ की लागत से



बनने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खड़गवां के नवीन भवन भूमिपूजन अवसर पर कही। उन्होंने आगे कहा कि साय सरकार के राज में साय साय पैसा भी लोगों तक पहुंच रहा है, महतारी मन के खाते में भी साय साय पैसा पहुंच रहा है, मितानिन बहनों के लिए भी अब सुलभता हो गई है। श्री जायसवाल ने कहा कि मितानिन बहनों को आगे से हिसाब किताब देने में भी दिक्कत नहीं होगी क्योंकि अब एक पोर्टल में दिनभर के काम काज की इंट्री अनिवार्य कर दी जाएगी इससे उनके खाते में भी समय से पैसा पहुंच जाएगा। इसके साथ ही मितानिन बहनों को स्वास्थ्य सुविधाओं में बेहतर काम करने के लिए बधाई दिए।

ज्ञात हो कि खड़गवां के इस नवीन भवन के भूपिपूजन के साथ खड़गवां अस्पताल को पांच तरह की सुविधाएं मुहैया होगी जिसमें ओटी की सुविधा, स्त्री रोग विशेषज्ञ,डायलिसिस,ईसीजी जैसी कई और भी सुविधाएं होगी। कार्यक्रम के दौरान खड़गवां के सरपंच और सीएचएमओ खरे ने मंत्री से डाक्टरों के निवास के लिए एच, एफ और जी टाइप के क्वॉटर निर्माण के स्वीकृति की मांग कि जिस पर मंत्री जी ने सभी मांगों पर स्वीकृति देने की घोषणा की।इस भूमिपूजन के अवसर पर खड़गवां जनपद अध्यक्ष श्याम बाई मरकाम, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्याम सिंह करियाम, सरपंच सुखीत लाल अगरिया, सीएचएमओ अविनाश खरे, डीपीएम सोनी, एसडीएम खड़गवां सारथी, बीएमओ खड़गवां कुजूर सहित बड़ी संख्या में भाजपा खड़गवां मंडल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और मितानिन बहने तथा स्थानीयजन मौजूद रहे।

## नवरात्रि के दसवें दिन जवारों का भव्य विसर्जन,श्रद्धा और भक्ति में डूबे दिखे भक्त



-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर,07 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।

नवरात्रि पर्व के दसवें दिन जिले भर में आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में माता रमदइया धाम से निकली जवारों की शोभायात्रा घड़ी चौक पहुंची, जहां भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

माता की भक्ति में लीन अनेक श्रद्धालु अपने शरीर में लोहे के जवारे भेदे हुए नजर आए, जो उनकी गहरी आस्था और भक्ति का प्रतीक था। इस मौके पर देवराहा बाबा सेवा समिति के अध्यक्ष शैलेश शिवहरे के नेतृत्व में अनिल महाराज, सुनील सिंह,अनिल खटीक,सुभाष साहू, अरविंद सिंह,पंचम नामदेव, घनश्याम साहू,राकेश नामदेव,अन्नू दुबे,रजनीश गुप्ता,अतुल गुप्ता, अर्पित जायसवाल, गप्पू जायसवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने जवारों का स्वागत किया। समिति की ओर से भक्तों को ठंडा पेयजल उपलब्ध कराया गया और उन्हें अगले पड़ाव की ओर रवाना किया गया। पूरे आयोजन के दौरान वातावरण 'जय माता दी' के जयघोष से गूंजता रहा। यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक एकता और सेवा भाव का प्रतीक बन गया, जिसमें जिले भर से श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

# पंचायत सचिवों ने निकाली रैली,प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन,मोदी की गारंटी के नाम से की गई चुनावी घोषणा को पूरा करने की मांग की

## चुनावी घोषणा पत्र में मोदी की गारंटी के नाम से पंचायत सचिवों के शासकीयकरण का है वादा,पंचायत सचिव संघ

## प्रशासन ने रास्ते में ही रैली रोककर लिया ज्ञापन,मोटर सायकल रैली ज्ञापन पश्चात धरना स्थल लौटी

-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर,07 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।

पिछले कई दिनों से शासकीयकरण की मांग लेकर धरने पर बैठे पंचायत सचिवों ने सोमवार को प्रेमबाग मंदिर प्रांगण स्थित धरना स्थल से मोटरसाइकल रैली निकालकर शहर का भ्रमण करते हुए जिला संयुक्त कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन देने का प्रयास किया जिस रैली को रास्ते में ही प्रशासन ने रोक दिया और ज्ञापन स्वीकार कर लिया,बता दें कि प्रदेश भर के पंचायत सचिव फिलहाल हड़ताल पर हैं और वह शासकीयकरण की मांग कर रहे हैं और यह मांग वह प्रदेश सरकार की उस घोषणा पत्र के आधार पर कर रहे हैं जिसमें चुनाव पूर्व मोदी की गारंटी नाम से उनके शासकीयकरण की बात की गई है,घोषणा पत्र के अनुसार ही उनका शासकीयकरण किया जाए इसको लेकर ही कोरिया जिले के





पंचायत सचिवों ने मोटर सायकल रैली निकाली और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बैकुंठपुर ने स्वीकार किया। प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन में यह उल्लेखित किया गया है पंचायत सचिवों द्वारा की दिनांक 7 जुलाई 2024 को राजधानी के इंडोर स्टेडियम के सभागार में प्रदेश के मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष,उप मुख्यमंत्री,मंत्री महिला बाल विकास विभाग,दुर्ग सांसद और घोषणा पत्र के संयोजक की उपस्थिति में यह स्वीकार किया गया था कि घोषणा पत्र अनुसार शासकीयकरण अति आवश्यक है वहीं इसके लिए कमेटी गठित किए जाने की बात की कई थी वहीं 18 जुलाई 2024 को कमेटी गठित भी हुई जिसे 30 दिवस में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करनी थी और समिति ने रिपोर्ट प्रस्तुत भी कर दी और पंचायत सचिवों को विश्वास था कि उनके शासकीयकरण की घोषणा बजट में हो जाएगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। बजट में शासकीयकरण की बात नहीं होने से प्रदेश भर के पंचायत सचिव उग्र एवं व्यथित हैं यह भी कहा गया है ज्ञापन में और प्रधानमंत्री से हस्तक्षेप की मांग की गई है शासकीयकरण के लिए ज्ञापन में।

## ग्राम पंचायत सचिवों की हड़ताल से पंचायतों में सभी प्रशासनिक एवं विकास कार्य हुए ठप्प

-संवाददाता-
कोरबा,07 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।

कोरबा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायतों में 17 फरवरी 2025 को त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इसके पश्चात 3 मार्च 2025 को नवनिर्वाचित सरपंचों को शपथ दिलाई गई। लेकिन 17 मार्च 2025 से पंचायत सचिवों द्वारा अपनी एक सूत्रीय मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने के कारण अब तक सरपंचों को पंचायत का कार्यभार नहीं सौंपा गया है। इस स्थिति के चलते पंचायतों में सभी प्रशासनिक एवं विकास कार्य ठप्प हो गए हैं। नवनिर्वाचित सरपंच अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं कर पा रहे हैं, जिससे ग्रामवासियों को भी भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। राशन कार्ड निर्माण, पेंशन में



नाम जुड़वाना,जन्म-मृत्यु पंजीयन, पेयजल और निस्तारी जल जैसी मूलभूत सुविधाओं के कार्य बाधित हैं। कई ग्रामों में नल-जल योजनाएं बंद हैं और बोरिंग की मरम्मत न हो पाने से पानी की समस्या विकराल हो गई है। सरपंच संघ के अध्यक्ष विजय मांझीवार ने बताया कि सचिवों की हड़ताल पर शासन को शीघ्र निर्णय लेने की आवश्यकता है, ताकि पंचायत प्रशासन को पुनः विकास की गति मिल सके। उन्होंने मांग की, कि जब तक सचिवों की हड़ताल समाप्त नहीं होती, तब तक पंचायत सचिव का प्रभार किसी अन्य अधिकारी/कर्मचारी को सौंपा जाए, जिससे ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान हो सके।

## हत्या के मामले में पुलिस ने एक विधि विरूद्ध संघर्षरत् बालक सहित 9 को किया गिरफ्तार

-सवाददाता-
सूरजपुर,07 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।

ग्राम तेजपुर पोड़ी थाना सूरजपुर निवासी वर्षा पति विजय कुमार ने थाना सूरजपुर में सूचना दिया कि दिनांक 26/03/2025 को अपने पति विजय कुमार को नशा मुक्ति केन्द्र सूरजपुर में भर्ती की थी जो दिनांक 29/03/2025 को अस्पताल से सूचना मिला कि विजय कुमार का तबियत खराब है अस्पताल आ जाओ जहां पहुंचने पर जानकारी मिली की पति की मृत्यु हो गई है। सूचना पर मर्ग कायम कर शव पंचनामा के बाद पीएम कराया गया।

मामले की सूचना पर डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने मामले की बारीकी से सभी पहलुओं पर जांच करने के निर्देश दिए। थाना सूरजपुर पुलिस ने मर्ग जांच के दौरान वारिशान एवं गवाहों के कथन लिए और मृतक के पीएम रिपोर्ट एवं नशा मुक्ति केन्द्र में लगे सीसीटीव्ही फुटेज तथा संकलित साक्ष्य से पाया गया कि मृतक विजय कुमार की मृत्यु मारपीट करने के



कारण होने पर अपराध क्रमांक 171/2025 धारा 103, 191(2) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण की विवेचना के दौरान आरोपी (1) विरेन्द्र पिता रामाधार अगरिया उम्र 23 वर्ष ग्राम भुलंगा, थाना लुण्ड्रा जिला सरगुजा (2) तेन्जींग छंगपा पिता स्व. सावोथर छंगपा तिब्बती उम्र 43 वर्ष निवासी मैनपाठ लुरैना थाना कमलेश्वरपुर जिला सरगुजा (3) राजदेव तिवारी पिता स्व. रमेश तिवारी उम्र 21 वर्ष ग्राम प्रतापपुर, थाना महुआडांड जिला लातेहार झारखण्ड (4) संतोष गोस्वामी पिता केश्व गोस्वामी उम्र 25 वर्ष ग्राम जिगना थाना मोहनिया जिला भभूआ बिहार (5) कृष्णा कुमार प्रजापति पिता साधुराम उम्र 38 वर्ष ग्राम नावापारा, चौकी करंजी (6) मनोज कुमार कर्ष पिता संतू कर्ष उम्र 27 वर्ष चर्चा कालरी, थाना चर्चा जिला कोरिया (7) लक्ष्मी प्रसाद पिता रूप विसेन उम्र 24 वर्ष ग्राम नमदगिरी, थाना सूरजपुर (8) अमित तिग्गा पिता स्व. तारासिरूयूब तिग्गा उम्र 39 वर्ष ग्राम ढोढीबहार थाना कासाबेल जिला जशपुर व एक विधि विरूद्ध संघर्षरत् बालक के विरूद्ध अपराध सबूत पाए जाने पर इन्हें पकड़ा गया। पूछताछ पर आरोपियों ने वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। मामले में 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया वहीं मामले के 1 विधि विरूद्ध संघर्षरत् बालक को विधि अनुसार किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया है। कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व सीएसपी एस.एस.पैंकरा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सूरजपुर विमलेश दुबे व उनकी टीम सक्रिय रही।

# 'आधा घंटा रोज' अभियान के तहत साइकिल रैली निकाल दिया स्वस्थ जीवन का संदेश

## डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने रैली को बताया फिटनेस का संदेश

## दैनिक दिनचर्या में थोड़े समय के लिए ही सही पर जरूर चलाए साइकिल:डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर

-संवाददाता-
सूरजपुर,07 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।

फिटनेस का डोज,आधा घंटा रोज नारे के साथ सूरजपुर पुलिस ने सायकल रैली निकालकर नागरिकों को फिटनेस के प्रति जागरूक किया और साइकिल चलाने को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने हेतु प्रोत्साहित किया। साइकिल चलाना फिटनेस को दैनिक दिनचर्या में शामिल करने के सबसे सुलभ और प्रभावी तरीकों में से एक है, जो सहनशक्ति में वृद्धि, तनाव में कमी और हृदय स्वास्थ्य में सुधार जैसे लाभ प्रदान करता है।

डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत




कुमार ठाकुर ने रविवार, 06 अप्रैल 2025 को पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारी, पुलिस लाईन के अधिकारी व जवानों के साथ बड़े उत्साह के साथ साइकल रैली निकाली जो ग्राम परीं सहित सूरजपुर के भैयाथान रोड़, केतका रोड़ व मनेन्द्रगढ़ रोड़ में फिटनेस का डोज, आधा घंटा रोज का नारे लगाते हुए साईकल चलाकर लोगों को फिट रहने का संदेश दिया। इस साइकिल रैली में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, एसडीओपी सूरजपुर अभिषेक पैंकरा, रक्षित निरीक्षक अशोक गिरी, थाना प्रभारी सूरजपुर विमलेश दुबे सहित पुलिस लाईन के अधिकारी व जवानों ने हिस्सा लिया। डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर ने बताया कि फिट इंडिया साइकिलिंग ड्राइव, साइकिलिंग संडे फिट इंडिया के तहत स्वास्थ्य, फिटनेस की ओर नागरिकों को जागरूक करने हेतु साइकिल चलाने के लिए प्रेरित करना है, इसी के तहत आज पुलिस के अधिकारी व जवानों ने नगर में साइकिलिंग किया गया। उन्होंने साइकिल रैली के माध्यम से नागरिकों से अपील किया है कि दैनिक दिनचर्या में थोड़े समय के लिए ही सही, अपने बाईक व चारपहिया वाहनों का उपयोग कम कर, प्रतिदिन कम से कम आधा घंटा साइकिल चलाएं। यह न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है,बल्कि पर्यावरण के लिए भी अनुकूल है। फिट इंडिया और खेलो इंडिया जैसी योजनाओं के तहत इस तरह की पहल न सिर्फ पुलिस-जन सहयोग को मज़बूत करती है, बल्कि समाज में स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक संदेश भी देती है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार**
**अम्बिकापुर-2 जिला-सरगुजा(छ.ग.)**

रा0प्र0क्र0-202503021700142/अ-6/2024-2025

::-ईश्तहार::-

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रयागलाल कुशवाहा आ0 रामविचार कुशवाहा, निवासी प्रयाग कालोनी वाड्रफनगर तहसील अम्बिकापुर,जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम चरिठरमा स्थित भूमि खसरा नंबर 95/2, रकबा 0.030 हे0 भूमि के राजस्व अभिलेखों मे से सहखातेदार शिवशंकर साहू आ0 बंजर,जाति तेली,निवासी ग्राम मनीपुर अम्बिकापुर का नाम विलोपित कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।










उक्त संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 21/04/2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 29/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयील पदमुद्रा से जारी।

सील

नायब तहसीलदार
अम्बिकापुर-2

# क्या विकास की दौड़ में पीछे छूटा मण्डलपारा

## दुर्गा मंदिर तक सड़क की मांग पर वर्षों से जारी है अनदेखी?

## दुर्गा मंदिर तक सड़क के लिए जनदर्शन व जन चौपाल में दिए गए आवेदन जाते कहां है...क्या सारे आवेदन वहां के डस्टबिन में चले गए?

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर,07 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

वर्षों से मण्डलपारा-अहीरपारा स्थित मां दुर्गा मंदिर तक सड़क निर्माण के लिए मांग होती रही जनदर्शन व जन चौपाल तक मांग की गई,कई बार जनदर्शन व जन चौपाल में आवेदन दिए गए पर उसे पर आज तक अमल नहीं हुआ,दिए गए जन चौपाल व जनदर्शन के आवेदनों की संख्या दर्जनों में है जब जन चौपाल और जनदर्शन जैसे जगह पर लोगों की सुनवाई ना हो तो फिर ऐसे जनदर्शन व जन चौपाल की आवश्यकता क्या है? आखिर यहां पर जाने वाले आवेदन व शिकायत जाते कहां है क्या सिर्फ टेबल पर जाते हैं और उसके बाद डस्टबिन में फेंक जाते हैं,एक तरफ सरकार ग्रामीण विकास और बुनियादी सुविधाओं की बात कर रही है, तो वहीं दूसरी ओर मण्डलपारा जैसे गांव अब भी सड़क जैसी मूलभूत सुविधा के लिए तरस रहे हैं। ग्राम मण्डलपारा के अहिरापारा स्थित माँ दुर्गा मंदिर तक सड़क निर्माण की वर्षों पुरानी मांग को अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिला है, जबकि कार्य जमीन पर अब तक शुरू नहीं हो सका है।



2015 से अब तक इंतज़ार ही इंतज़ार-ग्रामवासी वर्ष 2015 से इस सड़क के लिए जनदर्शन सहित विभिन्न माध्यमों से प्रशासन से गुहार लगाते आ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अब तक 15 से अधिक आवेदन दिए जा चुके हैं, लेकिन नतीजा सिफर है। विशेष रूप से वर्ष 2023 और 2024 में कई बार आवेदन किए गए–सिर्फ 2024 में ही 16 जनवरी,27 फरवरी,2 जुलाई, 24 सितंबर और 1 अक्टूबर को आवेदन जमा कराए गए।

### धार्मिक और सामाजिक दृष्टि से अहम रास्ता फिर भी उपेक्षित

यह सड़क सामुदायिक भवन से शुरू होकर माँ दुर्गा मंदिर तक जाती है, जहां प्रतिदिन श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रहती है। बरसात में यह रास्ता दलदल में बदल जाता है। इससे न केवल बुजुर्गों व महिलाओं को दिक्कत होती है,बल्कि स्कूली बच्चों और ग्रामीण मरीजों को भी आवागमन में परेशानी उठानी पड़ती है।

### विकास के दावों पर सवाल

ग्रामीणों ने सवाल उठाए हैं कि जब हर गांव को सड़क,बिजली और पानी जैसी सुविधाओं से जोड़ने की बात की जाती है, तब मण्डलपारा जैसे गांवों को क्यों अनदेखा किया जा रहा है? ग्रामीणों का कहना है कि विकास सिर्फ कागजों पर हो रहा है, जमीनी हकीकत बिल्कुल अलग है।

### प्रशासन की चुप्पी बनी पहेली

तहसीलदार, जनपद सीईओ और जिला प्रशासन तक कई बार शिकायत पहुंचाई जा चुकी है। अधिकारियों ने आश्वासन तो खूब दिए, लेकिन कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई। इससे ग्रामीणों में गहरी नाराज़गी है।

### ग्रामीणों की अपील

ग्रामीणों ने एक बार फिर जिला प्रशासन से मांग की है कि माँ दुर्गा मंदिर तक जाने वाली सड़क का निर्माण शीघ्र कराया जाए, जिससे वर्षों से उपेक्षित विकास की उम्मीद पूरी हो सके।

# बर्ड फ्लू से नहीं...प्रशासनिक फैसलों से उजड़ रहा पोल्ट्री व्यवसाय?

## छोटे किसानों की रोज़ी-रोटी पर संकट...फीड बंद,मुर्गियां मरने की कगार पर...

### 1 किलोमीटर का प्रोटोकॉल, पर रोक पूरे जिले में...

बर्ड फ्लू नियंत्रण प्रोटोकॉल के अनुसार केवल 1 किमी के भीतर के क्षेत्र में पक्षियों को मारने और साफ-सफाई जैसी त्वरित कार्रवाई की जाती है, जबकि 1 से 10 किमी तक के क्षेत्र में सिर्फ निगरानी की जानी चाहिए। इसके बावजूद, पूरे जिले में पोल्ट्री कारोबार को बंद कर दिया गया है, जिससे असंख्य छोटे व्यवसायी बर्बादी के कगार पर पहुँच गए हैं।

### मुर्गियां मर रही,किसान परेशान

जिले भर के सैकड़ों पोल्ट्री फार्मों में हजारों ब्रॉयलर मुर्गियां तैयार अवस्था में हैं, लेकिन व्यापार बंद होने और फीड की सप्लाई रोक दिए जाने के चलते ये मुर्गियां भूख और दम घुटने से मर रही हैं। व्यापारियों का कहना है कि पोल्ट्री चूजों को 5 सप्ताह से ज़्यादा फार्म में नहीं रखा जा सकता और ऐसी स्थिति में उनका पूरी तरह नुकसान तय है।

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर,07 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

शासकीय पोल्ट्री फार्म बैकुण्ठपुर में बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद जिला प्रशासन ने पूरे कोरिया जिले में पोल्ट्री उत्पादों की आवाजाही और बिक्री पर रोक लगा दी है। लेकिन इस निर्णय से सबसे ज़्यादा नुकसान छोटे पोल्ट्री किसानों और दुकानदारों को हो रहा है, जिनकी आजीविका अब पूरी तरह ठप हो चुकी है।



### ज़मीनी पड़ताल

टीम ने कई छोटे व्यापारियों से बात की। सभी का एक ही सवाल है-जब संक्रमण केवल सरकारी फार्म तक सीमित है, तो पूरे जिले को क्यों बंद किया जा रहा है? व्यापारियों ने यह भी बताया कि फीड न मिलने से पक्षियों की मौतें हो रही हैं और प्रशासन की ओर से कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है।

### संघ का प्रशासन को आग्रह

सेंट्रल इंडिया वेनकॉब ब्रॉयलर ब्रीडर हैचरी एसोसिएशन ने शासन से अनुरोध किया है कि वे 1 किमी के प्रभावित क्षेत्र से बाहर के क्षेत्रों में व्यापार की अनुमति दें। संघ का कहना है कि प्रोटोकॉल की गलत व्याख्या के कारण हजारों लोगों की रोज़ी-रोटी पर संकट मंडरा रहा है।

### सख्ती नहीं,समझदारी ज़रूरी

संघ ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द समाधान नहीं निकाला गया, तो बर्ड फ्लू से ज़्यादा नुकसान प्रशासनिक फैसलों से होगा। ÷यह बीमारी गंभीर है, लेकिन उसके नियंत्रण के लिए विवेक और दिशा-निर्देशों की सही समझ जरूरी है, उन्होंने कहा। यह स्थिति प्रशासन और सरकार के लिए एक चेतावनी है कि महामारी से लड़ाई केवल बंदी से नहीं, बल्कि संतुलन, जागरूकता और सहयोग से लड़ी जाती है। अगर व्यापार बंदी यूं ही जारी रही, तो जिले में रोजगार का एक बड़ा हिस्सा खत्म हो जाएगा।

# प्रभारी कलेक्टर आशुतोष पाण्डेय ने जनदर्शन में सुनी आमजनों की समस्या



-संवाददाता-
कोरबा,07 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन में प्रभारी कलेक्टर आशुतोष पाण्डेय ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन में अपने समस्याओं और शिकायतों के निराकरण के लिए आए लोगो की परेशानियों को गंभीरता से सुना। उन्होंने प्राप्त सभी आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर गंभीरता से निराकरण के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन मे कुल 79 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें सीमांकन, मुआवजा दिलाने, नक्शा दुरुस्ती, मजदूरी भुगतान, आर्थिक सहायता, सहित अन्य आवेदन शामिल है।

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री दिनेश कुमार नाग सहित आदिवासी विकास विभाग, शिक्षा, श्रम, समाज कल्याण कृषि एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खेल खबर



### दो साल के बैन के बाद वापस क्रिकेट के मैदान पर लौटा ऑलराउंडर

**ढाका,07 अप्रैल 2025।** बांग्लादेश के ऑलराउंडर नासिर हुसैन ने दो साल के बैन के बाद क्रिकेट के मैदान पर वापसी की है। अब वह ढाका प्रीमियर डिवीजन लीग मैच में रूपगंज टाइगर्स क्रिकेट क्बल के लिए खेले। रूपगंज टाइगर्स का मैच गाजी ग्रुप क्रिकेटर्स की टीम से था। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने प्रेस रिलीज में बताया है कि 7 अप्रैल 2025 से उनका आधिकारिक क्रिकेट में खेलने का मार्ग खुल गया है।

### स्टार भारतीय शूटर रुद्राक्ष पाटिल ने रचा इतिहास



#### शूटिंग वर्ल्ड कप में गोल्ड मेडल पर साधा निशाना

**नई दिल्ली,07 अप्रैल 2025।** पूर्व विश्व चैंपियन भारत के स्टार शूटर रुद्राक्ष बालासाहेब पाटिल ने इतिहास रच दिया। रुद्राक्ष ने अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में पहले शूटिंग विश्व कप चरण के चौथे दिन पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल फाइनल में 252.9 अंक हासिल कर अपना दूसरा व्यक्तिगत अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग खेल महासंघ वर्ल्ड कप गोल्ड मेडल जीता। युवा भारतीय चैंपियन को हंगरी के महान और बेहतरीन फॉर्म में चल रहे राइफल शूटर इस्तवान पेनी ने लगातार परेशान किया, जिन्होंने कुछ दिन पहले पुरुषों की 3क्क स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था, लेकिन जब जरूरत पड़ी तो भारतीय निशानेबाज ने शानदार प्रदर्शन किया।

# कोलकाता के सामने होगी लखनऊ की चुनौती

### कैसा है दोनों का हेड टू हेड रिकॉर्ड





**कोलकाता,07 अप्रैल 2025।** कोलकाता नाइट राइडर्स और लखनऊ सुपर जायंट्स आईपीएल 2025 के 21वें मैच में एक-दूसरे से भिड़ेंगे। यह मैच मंगलवार (8 अप्रैल) को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेला जाएगा। दोनों टीमों ने अपने पहले चार मैचों में से दो में जीत दर्ज की है। डिफेंडिंग चैंपियन केकेआर ने अपने अभियान की शुरुआत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ हार के साथ की, उसके बाद उन्होंने राजस्थान रॉयल्स को 8 विकेट हराकर अपना खाता खोला। इसके बाद मुंबई के खिलाफ भी उन्हें हार का सामना करना पड़ा। अपने आखिरी मैच में कोलकाता की टीम ने सनराइजर्स हैदराबाद को 80 रनों से हराकर फिर से जबरदस्त वापसी की। केकेआर की तरह ही, एलएसजी ने भी चार मैचों में से दो में जीत दर्ज की है। उन्होंने अपने सीजन की शुरुआत दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हार के साथ की, फिर उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद को 5 विकेट से हराया। सीजन के अपने तीसरे मैच में, एलएसजी को पंजाब किंग्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा, फिर मुंबई इंडियंस को हराकर वो जीत की पटरी पर वापस लौटे। दोनों ही टीमें 8 अप्रैल को दिन के पहले मुकाबले में आमने-सामने होंगी, उससे पहले हम आपको केकेआर और एलएसजी का हेड टू हेड रिकॉर्ड के बारे में बताने जा रहे हैं।

### केकेआर व्हीएस एलएसजी दोनों का हेड टू हेड रिकॉर्ड

आईपीएल में केकेआर और एलएसजी के हेड-टू-हेड रिकॉर्ड की बात करें तो, दोनों टीमों ने अब तक एक-दूसरे के खिलाफ पांच मैच खेले हैं। उन पांच मैचों में से केकेआर ने दो मैच जीते हैं जबकि एलएसजी तीन जीत के साथ थोड़ा आगे है। पिछले सीजन में दोनों टीमें लीग स्टेज में दो बार आमने-सामने हुई थी और दोनों ही मौकों पर केकेआर ने जीत हासिल की थी। लखनऊ ने उससे पहले कोलकाता के खिलाफ तीन मैच खेले थे और तीनों ही बार उन्होंने जीत हासिल की थी। ईडन गार्डन्स में केकेआर और एलएसजी दो बार टकराई हैं, जहां दोनों को 1-1 मैच में जीत मिली है।

केकेआर व्हीएस एलएसजी पिछले 5 मैचों के रिजल्ट

कोलकाता नाइट राइडर्स ने 8 विकेट से जीत दर्ज की

कोलकाता नाइट राइडर्स ने 98 रन से जीत दर्ज की

लखनऊ सुपर जायंट्स ने 1 रन से जीत दर्ज की

लखनऊ सुपर जायंट्स ने 75 रन से जीत दर्ज की

लखनऊ सुपर जायंट्स ने 2 रन से जीत दर्ज की

# चार्लोट एडवर्ड्स को मिली नेशनल टीम में बड़ी जिम्मेदारी

### अब अचानक छोड़ दिया मुंबई इंडियंस का साथ



**मुंबई ,07 अप्रैल 2025।** वुमेंस प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस फ्रेंचाइजी की कोच चार्लोट एडवर्ड्स ने अपना पद छोड़ दिया है। क्योंकि अब वह इंग्लैंड महिला टीम की कोच बन गई हैं। इसी वजह से उन्होंने ये बड़ा फैसला लिया है। एडवर्ड्स की कोचिंग में मुंबई इंडियंस की टीम ने डब्ल्यूपीएल में कमाल का प्रदर्शन किया है और पिछले तीन सालों में टीम ने दो बार खिताब जीता है। इसमें एडवर्ड्स की बहुत ही अहम भूमिका रही है।

### मुंबई इंडियंस ने दिया धन्यवाद

मुंबई इंडियंस ने अपनी प्रेस रिलीज में लिखा है कि चार्लोट एडवर्ड्स एक ऐसी लीडर रही हैं, जिनके लिए सभी के मन में तारीफ है। उन्होंने लड़कियों को अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने मुंबई इंडियंस की विरासत को आगे बढ़ाया और खुशी दी। उन्होंने जो कुछ भी हमारी टीम के लिए किया है हम उसके आभारी हैं।

मुंबई इंडियंस फ्रेंचाइजी ने उनके लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा है कि हमें दो खिताब जिताने के लिए धन्यवाद। नई भूमिका के लिए हार्दिक शुभकामनाएं।

### चार्लोट एडवर्ड्स के पास है अपार अनुभव

चार्लोट एडवर्ड्स के पास कोच के तौर पर अपार अनुभव मौजूद है। उन्होंने साउथर्न वाइपर्स के साथ पांच महिला क्रिकेट सुपर लीग खिताब, साउथर्न ब्रेव के साथ द हंड्रेड और फिर मुंबई इंडियंस के साथ दो डब्ल्यूपीएल खिताब जीते थे। अब इंग्लैंड महिला टीम की कोच के रूप में उन्होंने नई जिम्मेदारी संभाली है। वह जॉन लुईस की जगह लेंगी।

### इंग्लैंड के लिए खेले तीनों फॉर्मेट

चार्लोट एडवर्ड्स ने इंग्लैंड के लिए 23 टेस्ट मैचों में 1676 रन बनाए हैं, जिसमें उनके बल्ले से चार शतक निकले हैं। वहीं 191 वनडे मैचों में उन्होंने 5992 रन बनाए हैं, जिसमें उनके बल्ले से 9 शतक और 46 अर्धशतक निकले हैं। इसके अलावा 95 टी20 इंटरनेशनल मैचों में उनके नाम पर 2605 रन दर्ज हैं।



# पाकिस्तान को लगा तगड़ा झटका

### न्यूज़ीलैंड के खिलाफ इस गलती की आईसीसी ने दी बड़ी सजा

**न्यूजीलैंड ,07 अप्रैल 2025।** हाल ही में पाकिस्तान का न्यूजीलैंड दौरा खत्म हुआ। इस दौरे पर पाकिस्तान टीम को टी 20 आई और वनडे दोनों सीरीज में शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। 5 मैचों की टी 20 आई सीरीज में न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को 4-1 से करारी शिकस्त दी और फिर 3 मैचों की वनडे सीरीज में रिजवान की टीम का 3-0 से क्लीन स्वीप किया। वनडे सीरीज में बुरी तरह से हारने के बाद पाकिस्तानी खिलाड़ी खुशदिल शाह के फैंस से भिड़ने के चलते काफी बवाल भी हुआ, जिसके बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को बयान जारी करना पड़ा। इस बवाल के बाद अब पाकिस्तानी टीम को बड़ा झटका लगा है। तीसरे वनडे में स्लो ओवर रेट के लिए पाकिस्तान की पूरी टीम पर भारी जुर्माना लगाया गया है।

न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच तीसरा वनडे मैच माउंट माउंगानुई के बे ओवल में खेला गया। मैदान गीला होने के कारण मैच 42-42 ओवर का खेला गया, जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड की टीम ने राइज मारिउ और कप्तान माइकल ब्रेसवेल के शानदार अर्धशतक की मदद से 8 विकेट खोकर 264 रनों का स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में पाकिस्तान की पूरी टीम 40 ओवर में 221 रनों पर ढेर हो गई और इस तरह न्यूजीलैंड ने 3-0 से सीरीज अपने नाम कर ली। इस मैच में पाकिस्तानी गेंदबाजों ने धीमी गेंदबाजी की जिसकी, सजा अब पूरी टीम को मिली है।

पाकिस्तान पर न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे में स्लो ओवर रेट के लिए मैच फीस का 5 प्रतिशत जुर्माना ठोका है। आईसीसी एलीट पैनल के मैच रेफरी के जेफ क्रो ने यह जुर्माना लगाया है। उन्होंने पाया कि निर्धारित समय में मोहम्मद रिजवान की टीम ने एक ओवर कम फेंका था। आईसीसी नियम के मुताबिक, निर्धारित समय सीमा में प्रत्येक ओवर कम फेंकने पर टीम के सभी खिलाड़ियों पर मैच फीस का 5 प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है।



# इशांत शर्मा पर आईपीएल आचार संहिता के लिए लगाया गया जुर्माना ?

**हैदराबाद,07 अप्रैल 2025।** गुजरात टाइटन्स के अनुभवी तेज गेंदबाज इशांत शर्मा ने आईपीएल 2025 में अपने अभियान की अब तक निराशाजनक शुरुआत की है। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने अब तक 3 मैचों में 97 रन देकर कोई विकेट नहीं लिया है। हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ टीम के हालिया मैच में, उनकी परेशानियों को और बढ़ाते हुए,36 वर्षीय खिलाड़ी पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने उन्हें एक डिमेरिट अंक भी दिया है.। आईपीएल गवर्निंग काउंसिल की ओर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया है, गुजरात टाइटन्स के गेंदबाज इशांत शर्मा पर रविवार को हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपनी टीम के मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और उन्हें एक डिमेरिट अंक भी मिला है। इसमें कहा गया है, इशांत शर्मा ने अनुच्छेद 2.2 के तहत लेवल 1 के अपराध को स्वीकार किया और मैच रेफरी की सजा को स्वीकार किया। आचार संहिता के लेवल 1 उल्लंघन के लिए, मैच रेफरी का फैसला आखिरी और बाध्यकारी है। बीसीसीआई की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 में क्रिकेट उपकरण या कपड़े के मैदान के उपकरण को नुकसान पहुंचाना शामिल है। आईपीएल के इस नियम में लिखा है, अनुच्छेद 2.2 में सामान्य क्रिकेट गतिविधियों के बाहर की कोई भी कार्रवाई शामिल है, जैसे विकेटों को मारना या लात मारना और कोई भी ऐसी कार्रवाई जो जानबूझकर या लापरवाही से की गई हो. विज्ञापन बोर्ड, बाउंड्री फेंस, ड्रेसिंग रूम के दरवाजे, शीशे, खिड़कियां और अन्य फिक्स्चर और फिटिंग को नुकसान पहुंचाती है।

# 70 के दशक का टॉप विलेन,जिसे सर कहते थे अमिताभ बच्चन,अब बेटा इंडस्ट्री पर करता है राज



बॉलीवुड के जब खूंखार विलेन की बात होती है तो आमतौर पर अमरीश पुरी,अमजद खान,आशुतोष राणा,डैनी डेंग्जोंग्पा, प्राण और गुलशन ग्रोवर जैसे अभिनेताओं का नाम दिमाग में आता है। इन कलाकारों ने खलनायक के तौर पर अपने अभिनय से दर्शकों के दिलों में ऐसी छाप छोड़ी कि उन दिनों दर्शक पर्दे पर इन्हें देखकर सहम उठते थे। लेकिन, बॉलीवुड में एक और खूंखार विलेन हुआ करता था,जिसने 70 के दशक में बड़े पर्दे पर कई बड़े स्टार्स के साथ दो-दो हाथ किए। अब भले ये विलेन इस दुनिया में नहीं रहा, लेकिन इनके बेटे आज बॉलीवुड के बड़े-बड़े स्टार्स को अपनी उंगलियों पर नचा रहे हैं। हम बात कर रहे हैं डायरेक्टर रोहित शेट्टी और उनके पिता एमबी शेट्टी की।

### रोहित शेट्टी के पिता भी थे इंडस्ट्री का हिस्सा

जी हां, डायरेक्टर रोहित शेट्टी के पिता भी बॉलीवुड का हिस्सा रहे हैं, लेकिन ये बात और है कि उन्हें बहुत ही कम लोग जानते हैं। रोहित शेट्टी के पिता एमबी शेट्टी 70 के दशक के जाने-माने विलेन रह चुके हैं। एमबी शेट्टी कहने को तो विलेन के रोल निभाते तो थे, लेकिन मन के उतने ही सहज और शांत स्वभाव के थे। उनके साथ हर कलाकार कम्फर्टेबल होता था, वह किसी भी सीन को करने से पहले एक्टर से पूछते थे कि वो इस स्टंट को करने में सहज हैं या नहीं।

### एमबी शेट्टी संग अमिताभ बच्चन ने डॉन में किया काम

केबीसी के मंच पर एक बार रोहित शेट्टी पहुंचे थे, यहां अमिताभ बच्चन ने एमबी शेट्टी के साथ काम करने का अपना अनुभव साझा किया। अमिताभ बच्चन ने डॉन में एमबी शेट्टी के साथ काम किया था, जिससे जुड़ा किस्सा उन्होंने रोहित शेट्टी को सुनाया। बिग बी कहते हैं- रोहित के पिता जी,जिनको शेट्टी सर कहकर बुलाते थे। स्टंट कोऑर्डिनेटर जितने भी एक्शंस सींस होते थे वही हमको सिखाते थे और करवाते थे। हमें कई फिल्मों में शेट्टी जी के साथ काम करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

### किसी पर स्टंट को लेकर जोर नहीं देते थे एमबी शेट्टी

अमिताभ बच्चन एमबी शेट्टी के बारे में बात करते हुए आगे बताते हैं- वह काफी मिलनसार थे। वह स्टंट के लिए भी कभी जोर नहीं देते थे। किसी पर जोर नहीं देते थे। वह कहते थे- होता है तो करो, नहीं तो डुप्लीकेट बुला लेंगे। इसी के साथ बिग बी ने बताया कि हिंदी सिनेमा में एक्शन ओरिएंटेड सींस में उनका काफी बड़ा योगदान था। बता दें, एक फिल्म की शूटिंग के दौरान मंसूर नाम के स्टंटमैन की मौत से एमबी शेट्टी बुरी तरह हिल गए थे। उन्होंने इस स्टंटमैन की मौत का जिम्मेदार खुद को मान लिया और इस गम के चलते उन्हें शराब की लत लग गई। आखिरकार 1982 में उन्होंने 51 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया।



# रजनीकांत करना चाहता था श्रीदेवी से शादी

### एक्ट्रेस ने भी इनके लिए रखा था 7 दिन का उपवास

भारतीय सिनेमा की पहली महिला सुपरस्टार श्रीदेवी ने हिंदी, तमिल,तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ फिल्मों में शानदार अभिनय करके पूरे देश के दर्शकों का दिल जीता। राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने वाली एक्ट्रेस की पर्सनल लाइफ ने हमेशा ही लोगों का ध्यान आकर्षित किया हैं। लंबे करियर में एक्ट्रेस का नाम कई सितारों से जुड़ा। शादी से पहले एक्ट्रेस ने कई फिल्मी कलाकारों को कई सालों तक डेट किया, जिसके काफी चर्चे भी रहे। मिथुन और जीतेंद्र के साथ श्रीदेवी ने कई फिल्में कीं, जो ब्लॉकबस्टर भी रहीं। दोनों ही सितारों के साथ एक्ट्रेस का नाम जुड़ा, लेकिन इससे भी ज्यादा चर्चा उनकी किसी और एक्टर के साथ पहले ही हो चुकी थी। दोनों की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री ने लोगों का दिल जीत लिया था।

### रजनीकांत करना चाहते थे शादी

दरअसल हम बात कर रहे हैं श्रीदेवी और रजनीकांत की। श्रीदेवी ने रजनीकांत के साथ अपनी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री से स्क्रीन पर आग लगा दी थी। श्रीदेवी और रजनीकांत ने अलग-अलग भाषाओं में 20 से ज्यादा फिल्मों में एक साथ काम किया है औ इनकी दोस्ती भी इन्हीं फिल्मों की शूटिंग के बीच गहरी हुई और इनके बीच पनपा खास रिश्ता दशकों तक चला। यह भी बताया गया कि रजनीकांत धीरे-धीरे श्रीदेवी से प्यार करने लगे, जो उनसे 13 साल छोटी थीं और उनसे शादी भी करना चाहते थे। एक पुराने इंटरव्यू में दिवंगत फिल्म निर्माता के बालाचंदर ने बताया कि तमिल सुपरस्टार ने उन्हें प्रपोज करने का फैसला तब किया था जब वह और रजनीकांत अभिनेत्री के घर उनके गृह प्रवेश समारोह के लिए गए थे। हालांकि, उस समय अचानक बिजली चली गई। इसे अपशकुन मानते हुए रजनीकांत ने शादी के प्रस्ताव के बारे में एक शब्द भी कहे बिना घर छोड़ दिया। रजनीकांत ने आखिरकार 1958 में लता रंगाचारी से शादी कर ली और श्रीदेवी ने 1996 में निर्माता बोनी कपूर से शादी कर ली। साल 2011 में डिहाइड्रेशन और थकावट से पीड़ित होने के बाद रजनीकांत को चेन्नई के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें सांस लेनें में दिक्कत हो रही थी। इन समस्याओं का पता चला और इसी बीच कई कॉम्प्लिकेशन बढ़ गए थे। सुपरस्टार को उनके इलाज के लिए सिंगापुर के एक अस्पताल में ले जाया गया। जब रजनीकांत की तबीयत बिगड़ने लगी तो श्रीदेवी ने शिरडी साईं बाबा की पूजा की और उनके लिए सात दिनों का उपवास रखा। वह उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करने के लिए पुणे के साईं बाबा मंदिर भी गईं। श्रीदेवी और उनके लाखों प्रशंसकों की प्रार्थना आखिरकार सुनी गई और रजनीकांत की सेहत में सुधार हुआ, जिससे वे ठीक हो गए।

### एक्ट्रेस के निधन पर रजनीकांत ने कही थी ये बात

श्रीदेवी का साल 2018 में दुर्घटनावश बाथटब में डूबने से निधन हो गया था, तब वह 54 वर्ष की थीं। उनकी असामयिक मृत्यु से न केवल भारतीय फिल्म उद्योग, बल्कि पूरा देश स्तब्ध रह गया था। रजनीकांत ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए एक्स पर लिखा, मैं स्तब्ध और बहुत व्यथित हूं। मैंने एक प्रिय मित्र और उद्योग ने एक सच्ची किंवदंती खो दी है। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और दोस्तों के साथ हैं। मैं उनके साथ दुख महसूस करता हूं। आरआईपीश्रीदेवी, आप बहुत याद आएंगी। वह दिवंगत अभिनेत्री को अंतिम श्रद्धांजलि देने के लिए तुरंत मुंबई पहुंचे थे।

## महत्वपूर्ण खबर

# छत्तीसगढ़ में मंत्रिमंडल विस्तार इसी हफ्ते

### संगठन मंत्री शिवप्रकाश और प्रदेश प्रभारी नीतीन नबीन आज आएंगे रायपुर

**रायपुर,07अप्रैल 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार पिछले डेढ़ साल से रुका हुआ है। अब खबर आ रही है कि मंत्रिमंडल का विस्तार इसी सप्ताह हो सकता है। बताया जा रहा है कि भाजपा के संगठन मंत्री शिवप्रकाश और प्रदेश प्रभारी नीतीन नबीन आज 8 अप्रैल को रायपुर पहुंच रहे हैं। सूत्रों के अनुसार दोनों नेता मंत्रियों का नाम का लिफाफा लेकर आएंगे।



पिछले सप्ताह सरकार ने मंडल और निगम में नियुक्ति कर दी है। जिसके बाद से कैबिनेट विस्तार की बात इसी सप्ताह में होने की सुगबुगाहट जोर पकड़ने लगी है। इस समय प्रदेश सरकार में मुख्यमंत्री सहित 10 मंत्री हैं। 21 दिसंबर 2023 को शपथ 11 मंत्रियों का हुआ था। एक पद खाली रखा गया था। मगर,बृजमोहन अग्रवाल के सांसद चुने जाने के बाद उन्होंने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया और इसके साथ मंत्रिमंडल में रिक्त सीटों की संख्या बढ़कर एक से दो हो गई। विष्णुदेव कैबिनेट विस्तार में पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, विधायक गजेंद्र यादव, रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत और रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा,जेसीसी छोड़कर बीजेपी में विधायक धर्मजीत सिंह, पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर के नाम शामिल हैं। हालांकि ये भी कयास लगाए जा रहे हैं कि बस्तर से किसी को मौका मिल सकता है। वहीं किसी नए चेहरों को मौका देकर बीजेपी फिर चौंका सकती है।


# बिलासपुर-बीकानेर एक्सप्रेस ट्रेन में लगी आग



### धमाके की आवाज सुन यात्रियों में मचा हड़कंप

**बिलासपुर,07अप्रैल 2025 (ए)।** उज्जैन के पास तराना में रविवार शाम को बिलासपुर-बीकानेर एक्सप्रेस (20846) ट्रेन में आग लग गई। आग ट्रेन के एसएलआर (जनरेटर डिब्बे) में लगी। आग लगने से ट्रेन रुक गई। वहीं ट्रेन में अचानक धमाके की आवाज आने और धुआं उठने से अफरा-तफरी मच गई।

# धर्मांतरण से उपज रहा आपसी तनाव



### सांसद भोजराज नाग ने दी चेतावनी

**दल्लीराजहरा,07अप्रैल 2025 (ए)।** कांकेर लोकसभा सांसद भोजराज नाग ने 3 मार्च को संसद में अपने लोकसभा में हो रहे धर्मान्तरण पर चिंता व्यक्त करते हुए आवाज उठाई। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें आज पहली बार लोकसभा में बोलने का अवसर मिल रहा है इसके लिए वो सभा का धन्यवाद देते हैं। आगे उन्होंने कहा कि वह वनांचल बस्तर से आते हैं, जिसकी संस्कृति पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। इस प्राचीन संस्कृति को वहां व्याप्त मिशनरियों द्वारा छिन्न-भिन्न किया जा रहा है, जिससे कि जनजातीय संघर्ष पैदा हो रहा है। लगातार हो रहे धर्मान्तरण से आपसी तनाव पैदा हो रहा है जिस पर समय रहते लगाम लगाना अत्यंत आवश्यक है।

# अहमदाबाद में कांग्रेस का राष्ट्रीय अधिवेशन

### प्रदेश के 55 नेता शामिल होंगे

**रायपुर,07अप्रैल 2025 (ए)।** लोकसभा चुनाव 2024 का परिणाम सामने आने के बाद संसद में राहुल गांधी ने बीजेपी से कहा था कि हमने आपको अयोध्या में हराया है और 2027 में हम आपको गुजरात में हराकर दिखाएंगे। राहुल गांधी के इस बयान ने जाहिर कर दिया था कि वह गुजरात मॉडल की धारणा को तोड़ना चाहते हैं। पॉलिटिकल एनालिस्ट्स का साफ मानना है कि शायद यही वजह है कि कांग्रेस का राष्ट्रीय अधिवेशन अहमदाबाद में 8-9 अप्रैल को होने जा रहा है। इस अधिवेशन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी समेत अन्य वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। इस अधिवेशन में प्रमुख राजनीतिक चुनौतियों और भारतीय राजनीति की भविष्य की दिशा पर चर्चा होने की उम्मीद है।



# भारतमाला परियोजना में 220 करोड़ के घोटाले की जांच शुरू

**रायपुर,07 अप्रैल 2025 (ए)।** भारतमाला परियोजना के तहत हुए करोड़ों रुपये के मुआवजा घोटाले की जांच अब आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा ने अपने हाथ में ले ली है। विभाग ने इस मामले में संबंधित प्रशासन से लगभग 500 पन्नों की रिपोर्ट तलब की है। सूत्रों के मुताबिक, शुरुआती जांच पूरी हो चुकी है और जल्द ही आरोपियों के खिलाफ एफ आईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू की जाएगी। यह राज्य का पहला ऐसा मामला है, जिसमें भूमि मुआवजा विवाद की जांचईओडब्ल्यू को सौंपी गई है। विभाग ने पहले ही इस घोटाले से संबंधित कई अहम दस्तावेजों को जब्त कर लिया है और कई बिंदुओं पर गोपनीय जांच भी पूरी हो चुकी है।

### नेता प्रतिपक्ष ने की सीबीआई जांच की मांग

घोटाले के बढ़ते दायरे को देखते हुए नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने 6 मार्च को प्रधानमंत्री कार्यालय और केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर सीबीआई जांच की मांग की है। उल्लेखनीय है कि उन्होंने इस मुद्दे को विधानसभा के बजट सत्र 2025 में भी जोर-शोर से उठाया था। इसके बाद राज्य मंत्रिमंडल ने इस मामले की जांच ईओडब्ल्यू को सौंपने का निर्णय लिया था।



### 43 करोड़ से बढ़कर 220 करोड़ तक पहुंचा घोटाला

शुरुआती जांच में सामने आया था कि कुछ सरकारी अधिकारियों,भू-माफियाओं और प्रभावशाली लोगों ने आपसी मिलीभगत से फर्जी दस्तावेजों के जरिए लगभग ₹43 करोड़ की मुआवजा राशि हड़प ली। विस्तृत जांच के बाद यह आंकड़ा ₹220 करोड़ से अधिक तक पहुंच गया है। अब तक ईओडब्ल्यू को ₹164 करोड़ के संदिग्ध लेन-देन से संबंधित रिकॉर्ड प्राप्त हो चुके हैं।

### दिल्ली से दबाव के बाद खुला मामला

सूत्रों के मुताबिक, यह मामला तब प्रकाश में आया जब मुआवजे के तौर पर ₹248 करोड़ की राशि वितरित होने के बाद ₹78 करोड़ के अतिरिक्त क्लेम सामने आए। इसके बाद एनएचएआई के चीफ विजिलेंस ऑफिसर ने रायपुर कलेक्टर से जांच कर रिपोर्ट देने को कहा। लंबे समय तक जांच लटकी रही, लेकिन दिल्ली से दबाव बढ़ने के बाद रिपोर्ट तैयार हुई, जिसमें सामने आया कि वास्तविक मुआवजा लगभग ₹35 करोड़ बनता था, जबकि ₹213 करोड़ अधिक वितरित कर दिए गए।

### भूमि अधिग्रहण में गड़बड़ी तत्कालीन एसडीएम हैं सस्पेंड

घोटाले की जांच के दौरान तत्कालीन एसडीएम निर्भय साहू की भूमिका संदिग्ध पाई गई,जिसके चलते उन्हें राज्य सरकार ने निलंबित कर दिया है।

**भूमि अधिग्रहण कानून क्या कहता है?**

भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 2013 के तहत यदि किसी हितग्राही की ₹5 लाख की जमीन अधिग्रहित की जाती है, तो उसे-

₹5 लाख भूमि की कीमत,

₹5 लाख सोलेशियम (मुआवजे के रूप में अतिरिक्त राशि),

और उतनी ही पुनर्वास सहायता भी दी जा सकती है। यानी कुल मिलाकर ₹15 से ₹20 लाख तक का मुआवजा एक हितग्राही को मिल सकता है। लेकिन घोटालेबाजों ने इस नियम का दुरुपयोग कर मुआवजे की रकम को कृत्रिम रूप से बढ़ाया और करोड़ों की हेराफेरी कर दी।

### क्या है भारतमाला परियोजना का घोटाला?

भारत सरकार की भारतमाला परियोजना के तहत छत्तीसगढ़ में रायपुर से विशाखापट्टनम तक 950 किमी लंबी सड़क बनाई जा रही है। इस परियोजना में रायपुर से विशाखापट्टनम तक फोर लेन और दुर्ग से आरंग तक सिक्स लेन सड़क निर्माण प्रस्तावित है। इसके लिए कई किसानों की जमीन अधिग्रहित की गई, जिसके बदले उन्हें मुआवजा मिलना था। हालांकि, कई किसानों को अब तक मुआवजा नहीं मिल पाया है, वहीं दूसरी ओर मुआवजे के नाम पर सरकारी फंड का दुरुपयोग कर करोड़ों की बंदरबांट की गई।

**गर्मी की छुट्टियों पर संकट**

# स्कूलों में चलेंगी स्पेशल क्लास

### फेल छात्रों के लिए पूरक परीक्षा का प्लान...

**रायपुर,07अप्रैल 2025 (ए)।** इस बार गर्मी की छुट्टियां शिक्षकों और छात्रों के लिए राहत की बजाय चुनौती बनकर आई हैं। लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) ने फैसला लिया है कि मई में शुरू होने वाली गर्मी की छुट्टियों के दौरान भी स्कूलों में कक्षाएं चलेंगी। यह व्यवस्था खास तौर पर 5वीं और 8वीं बोर्ड परीक्षा में अनुत्तीर्ण छात्रों के लिए की गई है, जिनके लिए विशेष कक्षाएं और पूरक परीक्षाएं आयोजित होंगी। डीपीआई ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों (डीईओ) को इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।

### मई में स्पेशल क्लास, जून में पूरक परीक्षा-

निर्देशों के मुताबिक 1 मई से गर्मी की छुट्टियां शुरू होने के बावजूद 5वीं और 8वीं के कमजोर और फेल छात्रों के लिए मई माह में विशेष कक्षाएं चलेंगी। इन कक्षाओं में विषय विशेषज्ञ शिक्षक छात्रों को अतिरिक्त शैक्षणिक सहायता देंगे। वहीं, 1 जून से इन छात्रों के लिए पूरक परीक्षाएं शुरू होंगी, ताकि वे अगली कक्षा में प्रमोट हो सकें। परीक्षा परिणाम 30 अप्रैल तक घोषित करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके लिए मूल्यांकन कार्य 15 अप्रैल तक पूरा करना अनिवार्य है।



### मूल्यांकन और परिणाम की समय-सारिणी

5वीं कक्षा का मूल्यांकन 30 मार्च से और 8वीं कक्षा का 4 अप्रैल से शुरू हो चुका है। 15 अप्रैल तक मूल्यांकन पूरा कर 25 अप्रैल तक अंकसूचियां तैयार की जाएंगी। 28 अप्रैल तक ये अंकसूचियां विकासखंड शिक्षा कार्यालयों के जरिए स्कूलों में पहुंचा दी जाएंगी। गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए हर केंद्र पर एक मुख्य मूल्यांकनकर्ता 5त्न उत्तरपुस्तिकाओं की दोबारा जांच कर रहा है। मूल्यांकनकर्ताओं को प्रति कॉपी 2-3 रुपये, मुख्य मूल्यांकनकर्ता को 100 रुपये प्रतिदिन और केंद्राध्यक्ष को 150 रुपये प्रतिदिन मानदेय दिया जा रहा है।

### शिक्षकों की छुट्टियों पर ग्रहण

डीपीआई के इस फैसले से शिक्षकों की गर्मी की छुट्टियां प्रभावित होंगी। मई में विशेष कक्षाओं के लिए शिक्षकों को स्कूल बुलाया जाएगा, जिसका समय और स्थान जिला स्तर पर तय होगा। जनवरी में जारी समय-सारिणी में मुख्य और पूरक परीक्षाओं की तारीखें पहले ही तय की जा चुकी थीं। यह कदम छात्रों के शैक्षणिक नुकसान को कम करने के लिए उठाया गया है, लेकिन शिक्षकों के लिए यह अतिरिक्त जिम्मेदारी लेकर आया है।



# 870 करोड़ से बस्तर में हाईटेक होगी फोर्स

» शाह ने इन प्रस्तावों को दी मंजूरी

» मार्च2026 तक नक्सलवाद खत्म करने की डेडलाइन

**जगदलपुर,07अप्रैल 2025 (ए)।** गृहमंत्री अमित शाह के बस्तर का दौरा के बाद रायपुर में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में गृह विभाग ने बस्तर में तैनात बलों को सशक्त करने का खाका पेश किया, जिसे अमित शाह ने स्वीकृति प्रदान की। सूत्रों के अनुसार, बलों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए 520 करोड़ रुपए और अत्याधुनिक हथियारों, बुलेटप्रूफ जैकेट्स, ड्रोन आदि के लिए 350 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। बस्तर में तैनात सीआरपीएफ, डीआरजी और बस्तर फाइटर्स के जवान अब ऐसे उन्नत हथियारों से लैस होंगे, जो नक्सलियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई में मदद करेंगे।

### अब बुलेट प्रूफ जैकेट पहनकर ऑपरेशन पर जाएंगे जवान

सरकार ने मार्च 2026 तक नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने का लक्ष्य तय किया है। अगले 12 महीनों में नक्सलियों का मुकाबला सबसे मजबूत बलों से होगा। बारिश से पहले सुरक्षा बलों को आधुनिक बनाने की प्रक्रिया तेज की जाएगी। जंगलों में सेना के स्तर के हथियारों और टैंकों के साथ जवान उतरेंगे।

### बस्तर में दिखेगा डीआरडीओ और टाटा का बुलेटप्रूफ टैंक

नक्सल मोर्चे पर अब डब्ल्यूएचपी (व्हील्ड आर्मर्ड पर्सनल) टैंक नजर आएगा, जिसे डीआरडीओ और टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड ने मिलकर विकसित किया है। छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री विजय शर्मा पहले ही इसकी जानकारी दे चुके थे। अब 14 करोड़ रुपये की लागत से इस टैंक की खरीद को मंजूरी मिल गई है। यह टैंक पूरी तरह बुलेटप्रूफ है और आठ पहियों के साथ दुर्गम व पहाड़ी रास्तों पर आसानी से चल सकता है।

# सनकी पिता ने मासूम बेटे की हत्या की


### फिर खुद फांसी पर झूला



**धमतरी,07अप्रैल 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। बीती रात एक सनकी पिता ने अपने 6 साल के मासूम बेटे की बेरहमी से हत्या कर दी और इसके बाद खुद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। यह वारदात अर्जुनी थाना क्षेत्र के बोड़रा गांव में हुई, जहां मृतक पिता गोपेश्वर साहू ने रामनवमी की रात अपने बेटे की जान ले ली। गोपेश्वर साहू ने अपने बेटे को तब तक जमीन पर पटकता रहा, जब तक उसकी सांसें नहीं थम गईं। इसके बाद उसने खुद फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसएसएल की टीम ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# अब 5 वीं और 8 वीं में फेल होने वाले छात्र अगली कक्षा में होंगे प्रमोट

**रायपुर,07अप्रैल 2025 (ए)।** आज से 5वीं और 8 वीं बोर्ड परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू हो गया है। करीब 15 साल बाद इन दोनों कक्षाओं के लिए केंद्रीकृत मूल्यांकन प्रक्रिया फिर से शुरू की गई है। रायपुर ज़िले के चार विकासखंडों में 24 मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं, जहां 5वीं के 26 हजार 584 और 8वीं के 28 हजार 232 छात्रों की कॉपियों की जांच की जा रही है। डीईओ विजय खंडेलवाल के मुताबिक इस बार छात्र अगर फेल भी होते हैं, तो उन्हें अगली कक्षा में प्रमोशन दिया जाएगा। जानकारी के अनुसार, धरसींवा में 7, तिल्दा में 6, अभनपुर में 5 और आरंग में 6 मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं। सभी विकासखंड से बीईओ द्वारा शिक्षकों के लिए ऑर्डर भी जारी कर दिया गया है।



# पोस्टमार्टम में बच्ची से दुराचार की पुष्टि के बाद बवाल

### गुस्साई भीड़ ने तोडफोड़-पथराव के बाद थाना घेरा,मंत्री बोले...दोषी को छोंड़ंगे नहीं





**दुर्ग,07अप्रैल 2025 (ए)।** दुर्ग जिले में बच्ची से हैवानियत की खबर सामने आई है। पोस्टमार्टम में बच्ची से दुराचार की पुष्टि के बाद पूरे इलाके में बवाल मच गया है। दरअसल, बच्ची की हत्या और लाश की जानकारी मिलते ही परिजन के साथ भीड़ में जमा हो गई और भीड़ ने आरोपी युवक के कार और घर में पथराव व तोड़फोड़ किया। इसके बाद घर को आग के हवाले कर दिया। इसकी सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिल ने कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। थाने ले जाकर पूछताछ कर रही है। डॉक्टर ने शुरुआती जांच में बच्ची की मौत इलेक्ट्रिक शॉक लगने से होना बताया है। इस वारदात के बाद स्थानीय लोगों ने थाने का घेराव कर दिया है इसके बाद इलाके में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दी गई है। जानकारी के अनुसार दुर्ग जिले के मोहन नगर थाने क्षेत्र में कन्या भोज के लिए गई 6 साल की मासूम की लाश पड़ोसी युवक की कार में मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक बच्ची के हाथ अकड़े हुए थे। चेहरे पर खरोंच के निशान हैं। होंठ और नाक से खून निकल रहा था। परिजन ने रेप के बाद हत्या का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि बच्ची को सिगरेट से दागा गया है। इलेक्ट्रिक शॉक देकर मारने की भी जानकारी सामने आ रही है। वारदात की जानकारी मिलते ही लोगों में आक्रोश है। इससे भीड़ ने आरोपी युवक के कार और घर में तोड़फोड़ कर आग लगा दी है। सड़क पर चक्काजाम कर दिया है। इस घटना के बाद परिजन ने बताया कि रविवार सुबह रविवार सुबह 9 बजे बच्ची पास के मंदिर में अन्य बच्चियों के साथ कन्या भोज के लिए गई थी। जब वह घर नहीं लौटी तो परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। दिनभर तलाश के बावजूद मासूम का पता नहीं चला। शाम को बच्ची की लाश घर के पास खड़ी एक युवक (28) की कार में मिली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बच्ची के शव को दुर्ग जिला अस्पताल भेजा, वहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा साांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)